रोहतक
शनिवार 25 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 171
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 35.6°C
न्यून. 25.5°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 दूसरे टी20 में अजेय बढ़त पर भारत की नजर

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बता दें रवनीत सिंह बिट्टू केंद्र में रेल राज्य मंत्री प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रहे हैं। वह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बेअंत सिंह के पोते हैं और वर्तमान में भाजपा के नेता और राज्यसभा सांसद हैं। सूत्रों का कहना है कि वह पंजाब के विधानसभा चुनाव में उतर सकते हैं। भाषा

### 1.70 लाख की रिश्वत लेते रेलवे अधिकारी गिरफ्तार



**वाराणसी।** बनारस रेल मंडल में सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक नितेश अग्रवाल को 1.70 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने एक फर्नीचर ठेकेदार से बकाए बिल पास कराने और ठेका प्रक्रियाओं में मदद के बदले इस रकम की मांग की थी। ठेकेदार की शिकायत का सत्यापन करने के बाद सीबीआई की टीम ने अधिकारी को धर दबोचा। भाषा

### अश्लील कंटेंट दिखाने पर 50 ओटीटी प्लेटफॉर्म बंद

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद में कहा कि अश्लील सामग्री प्रदर्शित करने और संबंधित कानूनों का उल्लंघन करने पर पिछले दो वर्ष में 50 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बंद किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने कहा कि उसने सोशल मीडिया मंचों पर बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) से जुड़े विज्ञापनों की हालिया खबरों को गंभीरता से लिया है और उन्हें तत्काल सुधारात्मक उपाय करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने भी इन सोशल मीडिया मंचों को नोटिस जारी किया है। भाषा

### गिटहब को 'बिटचैट' हटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रकोष्ठ भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने माइक्रोसॉफ्ट की अनुषंगी कंपनी गिटहब को ब्लूटूथ-आधारित संदेश ऐप 'बिटचैट' हटाने का आदेश दिया है। यह जानकारी एक नोटिस से मिली। ऐप के डेवलपर और ट्विटर के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नोटिस की प्रति साझा करते हुए लिखा, भारत सरकार को 'बिटचैट' जैसी प्रौद्योगिकी पसंद नहीं है और वह इसे हटाना चाहती है। भाषा

### बीएसएफ जवान ने की फायरिंग, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** प. बंगाल के मालदा जिले के बैष्णवनगर में बीएसएफ कैंप में शिवम मिश्रा नामक एक जवान ने घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें दो साथी जवानों की मौत हो गई और एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान बिहार के छपरा जिले के मांझी इलाके के रहने वाले 51 वर्षीय अजय कुमार सिंह और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के रहने वाले 37 वर्षीय अंबादर सुरेश डारगु के तौर पर हुई है। घायल जवान पश्चिम बंगाल के मोहंदा गांव का 44 वर्षीय विकास ब्रह्म है। एजेंसी


# एसआईआर: प्रदेश में 33 लाख से अधिक वोट घटे
# 83.61 फीसदी मतदाताओं का रिकॉर्ड हुआ डिजिटाइज

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान सामने आए आंकड़ों ने मतदाता सूची की वास्तविक स्थिति की तस्वीर स्पष्ट कर दी है। निर्वाचन विभाग की 24 जुलाई शाम चार बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 2 करोड़ 6 लाख 55 हजार 929 मतदाताओं में से 1 करोड़ 72 लाख 70 हजार 135 मतदाताओं के इलेक्शन फॉर्म (ईएफ) डिजिटाइज किए जा चुके हैं। वहीं 33,84,336 मतदाताओं के फॉर्म अनकलेक्टेबल श्रेणी में दर्ज किए गए हैं। यानी राज्य के 16.38 प्रतिशत मतदाताओं के रिकॉर्ड अब तक उपलब्ध नहीं हो सके हैं। इस तरह करीब 33 लाख से अधिक मतदाताओं के वोट घट सकते हैं। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अनकलेक्टेबल श्रेणी में वे मतदाता शामिल हैं, जिनसे संपर्क नहीं हो पाया, जो अपने पते पर नहीं मिले या जिनके दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो सके। ऐसे मामलों का दोबारा सत्यापन किया जाएगा।

**अनकलेक्टेबल श्रेणी में वे मतदाता जिनसे संपर्क नहीं हो पाया, ये पते पर नहीं मिले या दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो सके**

### इनके रिकॉर्ड लंबित

- कई बड़े जिलों में भी अभी रिकॉर्ड लंबित हैं। रोहतक में कुल 8.50 लाख मतदाताओं में से 1.59 लाख, सोनीपत में 2.36 लाख, करनाल में 2.10 लाख, फरीदाबाद में 5.18 लाख तथा गुरुग्राम में 4.55 लाख रिकॉर्ड अभी अनकलेक्टेबल श्रेणी में हैं।
- हिसार ऐसा एकमात्र जिला है, जहां सिर्फ 1458 मतदाताओं का सत्यापन अभी लंबित है।



### फतेहाबाद का सबसे बेहतर प्रदर्शन

- फतेहाबाद ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां 92.88% मतदाताओं के रिकॉर्ड डिजिटाइज हो चुके हैं।
- इसके बाद महेंद्रगढ़ (91.46%), चरखी दादरी (90.64%), सिरसा (90.35%) व भिवानी (90.15%) हैं।
- गुरुग्राम 70.73% डिजिटाइजेशन के साथ सबसे पीछे है। इसके बाद फरीदाबाद (72.57%), पंचकूला (76.71%), सोनीपत (80.62%) और पानीपत (81.14%) भी राज्य के औसत 83.61 प्रतिशत पर हैं।

### प्रक्रिया पूरी करने की स्थिति में प्रदेश

चुनाव आयोग का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है, ताकि आगामी चुनावों में किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटे नहीं और अपात्र नाम सूची में शामिल न रहें। हरियाणा संशोधित मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को लगभग पूरा करने की स्थिति में पहुंच गया है।

**राज्य की स्थिति**

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2,06,55,929 |
| डिजिटाइज रिकॉर्ड | 1,72,70,135 |
| डिजिटाइजेशन | 83.61% |
| अनकलेक्टेबल रिकॉर्ड | 33,84,336 |
| अनकलेक्टेबल प्रतिशत | 16.38% |

### 16.38% मतदाताओं के फॉर्म नहीं मिले

**22 जिलों की यह स्थिति**

| जिला | कुल मतदाता | डिजिटाइज | % | अनकलेक्टेबल | % |
|---|---|---|---|---|---|
| पंचकूला | 4,29,185 | 3,29,208 | 76.71 | 99,977 | 23.29 |
| अंबाला | 8,89,328 | 7,35,992 | 82.76 | 1,53,336 | 17.24 |
| यमुनानगर | 9,18,682 | 7,85,897 | 85.55 | 1,32,785 | 14.45 |
| कुरुक्षेत्र | 7,83,831 | 6,77,377 | 86.42 | 1,06,454 | 13.58 |
| कैथल | 8,28,255 | 7,42,764 | 89.68 | 85,491 | 10.32 |
| करनाल | 12,25,661 | 10,14,837 | 82.80 | 2,10,824 | 17.20 |
| पानीपत | 9,66,687 | 7,84,335 | 81.14 | 1,82,352 | 18.86 |
| सोनीपत | 12,22,215 | 9,85,350 | 80.62 | 2,36,865 | 19.38 |
| जींद | 10,43,768 | 9,22,892 | 88.42 | 1,20,876 | 11.58 |
| फतेहाबाद | 7,10,261 | 6,59,692 | 92.88 | 50,569 | 7.12 |
| सिरसा | 10,05,598 | 9,08,545 | 90.35 | 97,053 | 9.65 |
| भिवानी | 8,84,173 | 7,97,088 | 90.15 | 87,085 | 9.85 |
| रोहतक | 8,50,304 | 6,90,752 | 81.24 | 1,59,552 | 18.76 |
| झज्जर | 8,15,711 | 6,68,560 | 81.96 | 1,47,151 | 18.04 |
| महेंद्रगढ़ | 7,49,607 | 6,85,587 | 91.46 | 64,020 | 8.54 |
| रेवाड़ी | 7,39,338 | 6,42,049 | 86.84 | 97,289 | 13.16 |
| गुरुग्राम | 15,55,034 | 10,99,906 | 70.73 | 4,55,128 | 29.27 |
| फरीदाबाद | 18,89,793 | 13,71,332 | 72.57 | 5,18,461 | 27.43 |
| नूंह | 6,59,697 | 5,88,595 | 89.22 | 71,102 | 10.78 |
| पलवल | 7,07,729 | 6,08,427 | 85.97 | 99,302 | 14.03 |
| च दादरी | 4,10,306 | 3,71,895 | 90.64 | 38,411 | 9.36 |
| हिसार | 13,70,766 | 11,99,055 | 87.47 | 1,70,253 | 12.42 |



फोटो : रोहतक

# 6 जिलों में बारिश, 28 से फिर जोर पकड़ेगा मानसून

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा के कई हिस्सों में शुक्रवार को मौसम ने करवट ली और प्रदेश के छह जिलों सोनीपत, पानीपत, जींद, महेंद्रगढ़, रोहतक और फतेहाबाद में झमाझम बारिश दर्ज की गई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 28 जुलाई से मानसून एक बार फिर जोर पकड़ेगा। अनुमान है कि 27 जुलाई के बाद मानसून ट्रफ उत्तर की ओर खिसकेगी, जबकि बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाओं का प्रवाह बढ़ने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। इसके प्रभाव से 28 से 30 जुलाई के बीच उत्तरी हरियाणा के अधिकांश जिलों में मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। हिसार, भिवानी, सिरसा, फतेहाबाद, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और अन्य पश्चिमी एवं दक्षिणी जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी दर्ज की जा सकती है।

### गर्मी से राहत

सोनीपत, पानीपत, जींद, महेंद्रगढ़, रोहतक और फतेहाबाद में हुई बारिश

सूबे में अब तक 24% कम बारिश, अगले कुछ दिन में हो सकता सुधार

दिनभर छाए रहे बादल, सड़कों पर बने गड्ढे बने लोगों के लिए मुसीबत

### क्या कहते हैं मौसम वैज्ञानिक

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ की उत्तरी सीमा जैसलमेर, गुना, सीधी और डेल्टागंज होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। इसके कारण फिलहाल प्रदेश में मानसून की गतिविधियां कुछ कमजोर बनी हुई हैं। हालांकि अरब सागर से आने वाली नम हवाओं तथा दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) के प्रभाव से 25 से 27 जुलाई के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

*-डॉ. मदन खीचड़, अध्यक्ष, मौसम विज्ञान विभाग, हकृवि*

### हिमाचल: चलती कार पर चट्टानें गिरीं, 13 मरे

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को उदयपुर-किलाड़ सड़क पर कड़ू नाला के पास लैंडस्लाइड हो गई। इसकी चपेट में टाटा सूमो टैक्सी आ गई। गाड़ी में 15 लोग सवार थे, 13 की मौत हो गई। उधर गुजरात में भारी बारिश से कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। वलसाड के उमरगाम तालुका में 16 घंटों में 43 इंच बारिश हुई, जिससे निचले इलाके डूब गए हैं। नवसारी में बाढ़ में फंसे लोगों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया गया। अहमदाबाद, सूरत में पानी भर गया। वाव-थराद जिले में बाजार डूब गए। यूपी में पिछले 10 दिनों से हो रही बारिश के चलते गंगा, यमुना समेत 10 नदियां उफान पर हैं। सीतापुर में पानी सड़क पर भर गया। ग्रामीण नाव से आ-जा रहे हैं।

## छात्र आंदोलन के बीच केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# अब पेपर लीक पर 10 साल जेल और 10 करोड़ जुर्माना

## रिजिजू बोले, बिल सोमवार को ही संसद में पेश किया जाएगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नीट पेपर लीक समेत प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे प्रश्नपत्र लीक मामलों पर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ और कड़ी सजा का प्रावधान करने वाले विधेयक पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 को और सख्त बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी गई। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि यह बिल सोमवार 27 जुलाई को ही संसद में पेश किया जाएगा। प्रस्तावित कानून में पेपर लीक के दोषियों के लिए 10 साल तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान होगा। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देशभर में छात्र पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं और संसद के भीतर भी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है।



### सुझाव के लिए आभार : मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने उस वीडियो पर मिली प्रतिक्रियाओं और सकारात्मक सुझावों के लिए सभी का धन्यवाद किया, जिसमें उन्होंने प्रश्न पत्र लीक में शामिल लोगों को सजा देने के लिए सरकार के कड़े कानून लाने के फैसले की घोषणा की थी। बता दें कि प्रधानमंत्री के वीडियो ने 24 घंटे के भीतर रील पर सबसे अधिक बार देखे जाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसे अब तक 30.3 करोड़ बार देखा जा चुका है। इससे पहले 24 घंटे में 30 करोड़ बार देखा गया था।

### अभी क्या है कानून

देश में पहले ही से लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 लागू है। इसे 12 फरवरी 2024 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी और 21 जून 2024 से पूरे देश में लागू है। अभी इसके तहत पेपर लीक करने पर 3 से 5 साल जेल और 10 लाख तक जुर्माना, गिरोह शामिल होने पर 5 से 10 साल जेल और 1 करोड़ तक जुर्माना और एजेंसी के दोषी होने पर 1 करोड़ जुर्माना, परीक्षा की पूरी लागत वसूली और अगले 4 साल परीक्षा कराने पर बैन शामिल है।

### प्रधान के इस्तीफे पर अड़ी सीजेपी

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने दिल्ली में सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ बैठक की। दोनों पक्षों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि सरकार ने उनकी दो सशर्त मांगें स्वीकार कर ली हैं। इनमें प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई ना करने और हालिया परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ मुआवजा देने का आश्वासन शामिल है। हालांकि, सीजेपी अपनी मुख्य मांग पर अब भी कायम है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि उसकी प्रमुख मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है और इस पर उसका रुख नहीं बदला है।।

### इधर, शिक्षा मंत्रालय का एक्शन

## एनटीए के 47 अधिकारी बर्खास्त, केस चलेगा

पेपर लीक विवाद को लेकर नेशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) में बड़ा बदलाव हुआ है। शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए के 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है, आगे और भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है। एनटीए में अधिकारियों को बर्खास्त करना बड़े बदलावों का हिस्सा है। ये एजेंसी पेपर लीक के मामलों को लेकर विवादों में रही है। बर्खास्त अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा। सुधार के लिए जल्द ही और एक्शन लिए जाएंगे। एक दिन पहले सरकार ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था।

**एक दिन पहले दो सचिव भी हटाए गए थे**

### पारदर्शी और मजबूत व्यवस्था जरूरी

नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को स्पष्ट संदेश दिया कि अस्थायी उपायों के भरोसे देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। सरकार को ऐसी मजबूत, पारदर्शी और संस्थागत व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिससे भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। हम इसकी निगरानी करेंगे।

## गेम्सक्राफ्ट पर ईडी का एक्शन 1,906 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ऑनलाइन गेमिंग कंपनी 'गेम्सक्राफ्ट' की 1,906 करोड़ रुपये की और संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी का आरोप है कि इस मंच ने खेल का ऐसा 'लत लगाने वाला' माहौल बनाया, जिसने खिलाड़ियों को 'बार-बार दांव लगाने' के लिए प्रोत्साहित किया। अस्थायी रूप से कुर्क की गई इन संपत्तियों में बैंक सावधि जमा, म्यूचुअल फंड, इक्विटी शेयर, एक फार्महाउस और कई रिहायशी व वाणिज्यिक अचल संपत्तियां शामिल हैं। ये 'गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड' के शेयरधारकों, उनके परिवार के सदस्यों, निजी पारिवारिक न्यासों और उनसे जुड़ी संस्थाओं के नाम पर थीं। एजेंसी ने कहा कि यह कार्रवाई 22 जुलाई को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई।



रियल मनी गेम्स के जरिए खिलाड़ियों को उकसाने का आरोप

## प्राइमरी टीचर मेवात कैडर का फाइनल रिजल्ट जारी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने प्राथमिक शिक्षक मेवात कैडर के पदों के लिए विज्ञापन संख्या 05/2024, कैटेगरी-01 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। आयोग ने परीक्षा और भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों की रोल नंबर वाइज एवं श्रेणीवार सूची भी जारी की है। साथ ही प्रत्येक श्रेणी का अंतिम चयनित अभ्यर्थी का कटऑफ भी सार्वजनिक किया गया है। आयोग के अनुसार, अनारक्षित (यूआर) वर्ग में अंतिम चयनित अभ्यर्थी का कटऑफ 75.05 अंक रहा। वहीं अन्य वर्गों के लिए भी अलग-अलग कटऑफ जारी की है। इनमें ईडब्ल्यूएस का कटऑफ 70.30, बीसीए का 69.35, बीसीबी का 70.30 तथा एससी का 68.40 अंक निर्धारित किया है। 40 अभ्यर्थियों के परिणाम लंबित है।




जनरल कटऑफ 75 .05

## क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी के चेयरपर्सन बने समीर पाल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस समीर पाल सरो को क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी (क्यूएए) का चेयरपर्सन नियुक्त किया है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी किए गए हैं। सरो हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। क्यूएए का उद्देश्य सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में गुणवत्ता मानकों की निगरानी, मूल्यांकन और सुधार सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही अथॉरिटी पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य करती है। हरियाणा कैडर 2002 बैच पूर्व आईएएस अधिकारी समीर पाल सरो को सरकार द्वारा नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण का नया अध्यक्ष (चेयरपर्सन) नियुक्त किया गया था।



गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण से पूर्व में हटाए गए थे

## हिसार के सरकारी स्कूल में मिड डे मील की गुणवत्ता पर उठे सवाल

# 17 घंटे भिगोने और कुकर में 7 सीटी के बाद भी नहीं पका राजमा, बच्चों को नहीं परोसा

### स्कूल ने खाद्य सामग्री की शिकायत शिक्षा अधिकारी को भेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा की मिड-डे मील योजना एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हिसार में बरवाला खंड के गांव बयानाखेड़ा स्थित राजकीय विद्यालय में मिड-डे मील के लिए उपलब्ध कराए गए राजमा और मसालों की गुणवत्ता पर गंभीर शिकायत सामने आई है। स्कूल प्रशासन के अनुसार मिड-डे मील तैयार करने के लिए राजमा को करीब 17 घंटे तक पानी में भिगोकर रखा। इसके बाद उसे प्रेशर कुकर में 7 सीटी तक पकाया गया, लेकिन राजमा नहीं पका और पूरी तरह सख्त बना रहा। इसके बाद इसे बच्चों को नहीं परोसा गया।

*मामला केवल राजमा तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन ने मिड-डे मील के लिए उपलब्ध कराए गए मसालों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की इस पोषण योजना का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है, इसलिए खाद्य सामग्री की खरीद और आपूर्ति में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।*

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

### जिम्मेदारी तय करने की मांग

स्कूल प्रशासन ने हरियाणा एग्रो के माध्यम से भेजी गई खाद्य सामग्री को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी, बरवाला को लिखित शिकायत भेजते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। विद्यालय के मुख्य शिक्षक जगमेंद्र ने बताया कि बच्चों को पौष्टिक और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना विद्यालय की जिम्मेदारी है। हमने जांच की मांग की है।



### पहले भी आती रही हैं शिकायतें

मिड-डे मील की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। वर्ष 2025 में प्रदेश के कई सरकारी विद्यालयों ने गुड़, पीनी और अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद शिक्षा विभाग ने कुछ खाद्य सामग्री स्थानीय स्तर पर खरीदने की अनुमति देने के साथ गुणवत्ता सुधार के निर्देश जारी किए थे। अब बयानाखेड़ा विद्यालय की शिकायत ने एक बार फिर मिड-डे मील व्यवस्था की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### शीर्ष कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों से मांगा जवाब

# अदालती कार्यवाही के वीडियो सोशल मीडिया पर न करें पोस्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि अदालत की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बिना अनुमति के पोस्ट, दोबारा पोस्ट या अपलोड नहीं किया जा सकेगा। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने अदालत की लाइव स्ट्रीमिंग और कार्यवाही के वीडियो सोशल मीडिया पर गलत इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब भी मांगा है। पीठ ने अंतरिम आदेश में कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि इस अदालत के महासचिव या संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को निकालना, उसमें बदलाव करना, फैलाना, सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना और अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा।

**न्यूज रिपोर्टिंग जारी रहेगी, बिना अनुमति क्लिप डालने पर रोक**



## संत शिरोमणि की 650वीं जयंती मनाएगी भाजपा, सीएम की उपस्थिति में बनी रूपरेखा

# गुरु रविदास की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी गांव-गांव और घर-घर पहुंचेगी

**प्रदेश में 29 से 20 फरवरी तक चलेगा समरसता संकल्प अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती को ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में व्यापक अभियान चलाने का फैसला किया है। अभियान के तहत गुरु रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से पवित्र मिट्टी लाकर कलशों के माध्यम से हरियाणा के गांव-गांव, बस्ती-बस्ती और घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। इसके साथ ही 29 जुलाई से 20 फरवरी तक प्रदेशभर में समरसता संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री कृष्ण लाल पंवार सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक मंत्री कृष्ण बेदी को बनाया गया है, जबकि एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में 11 सदस्यीय समिति 26 जुलाई को वाराणसी जाकर गुरु रविदास की जन्मस्थली से विधि-विधान के साथ पवित्र मिट्टी लेकर हरियाणा आएगी। पवित्र कलश सबसे पहले गुरुग्राम स्थित माता शीतला मंदिर पहुंचाया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की मौजूदगी में उसका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सभी 27 संगठनात्मक जिलों के प्रतिनिधि यहां से अपने-अपने जिलों के लिए पवित्र मिट्टी से भरे कलश लेकर जाएंगे। जिला, मंडल और गांव स्तर तक कलश यात्राएं निकाली जाएंगी और पवित्र मिट्टी को गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।

### कुरुक्षेत्र में बन रहा भव्य धाम : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु रविदास की 650वीं जयंती केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का महाअभियान होगी। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महान समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिनकी शिक्षाएं आज भी समाज को दिशा देती हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में 124 करोड़ की लागत से गुरु रविदास का भव्य धाम बनाया जा रहा है, जहां उनकी विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार महापुरुषों को सम्मान देने का अभियान चला रही है।

## राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष से मिले सीएम



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष से शिष्टाचार भेंट की।

## वन महोत्सव 30 को

**चंडीगढ़।** करनाल के कुटेल स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी में 30 जुलाई को राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि सीएम पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने को संदेश देंगे।

# अब मंडी बोर्ड की 10 सेवाएं राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने किसानों और आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं तय समय सीमा में उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) की 10 महत्वपूर्ण सेवाओं को हरियाणा राइट टू सर्विस एक्ट, 2014 के दायरे में शामिल करते हुए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत इन सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा तय कर दी गई है। यदि तय समय के भीतर सेवा उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ राइट टू सर्विस एक्ट के तहत शिकायत और अपील की जा सकेगी। सरकार ने प्रत्येक सेवा के लिए नामित अधिकारी (डिजाइनेटेड ऑफिसर), प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी निर्धारित किए हैं। इससे सेवा वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनने की उम्मीद है।

### किसानों और प्लॉट धारकों को मिलेगी राहत

किसानों और प्लॉट धारकों को मिलेगा सीधा लाभ नई व्यवस्था लागू होने के बाद मंडी बोर्ड से जुड़े कार्यों के लिए लोगों को लंबे समय तक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विशेष रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), कन्वेयंस डीड, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, संपत्ति का पुनः हस्तांतरण, जे-फॉर्म जारी करना तथा कृषि दुर्घटनाओं में अनुग्रह सहायता जैसी सेवाएं अब निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

## सरकारी भूमि के मूल्यांकन में मनमानी नहीं चलेगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी भूमि और अन्य परिसंपत्तियों के निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह मूल्यांकन को सुनिश्चित करने के लिए पैनलबद्ध मूल्यांकनकर्ताओं (वैल्यूअर्स) के लिए सख्त आचार संहिता को मंजूरी दे दी है। वर्ष 2021 में अधिसूचित नीति के तहत तैयार किए गए इस नए प्रावधान का उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया में एकरूपता और पेशेवर जवाबदेही तय करना है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले मूल्यांकनकर्ताओं को गंभीरता के आधार पर पैनल से हटाया जा सकता है। इसके अलावा उनकी मूल्यांकन फीस जब्त करने और 1 लाख रुपये तक जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया गया है।नई आचार संहिता के तहत प्रत्येक पैनलबद्ध मूल्यांकनकर्ता को किसी भी मूल्यांकन कार्य की शुरुआत से पहले हितों के टकराव की घोषणा देना अनिवार्य होगा। साथ ही मूल्यांकनकर्ताओं को हरियाणा भू-राजस्व अधिनियम, 1887, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899, भूमि अधिग्रहण कानून, रेरा अधिनियम, कंपनी (पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता एवं मूल्यांकन) नियम, 2017 सहित अन्य संबंधित कानूनों और सरकारी निर्देशों का पालन करना होगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-07/2026-27 दिनांक 24.07.2026**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र सं | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत -07/2026 -27 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन के अंतर्गत अमृत भारत योजना के तहत यमुनानगर जगाधरी में दूसरे एंट्री गेट से जुड़ा इलेक्ट्रिकल काम (अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर 12.00 मीटर चौड़ा FOB बनाने के लिए दूसरा संशोधित अनुमान) और पार्सल ऑफिस के अपग्रेडेशन हेतु विद्युत कार्य। | Rs. 2331664.40 | Rs. 46600.00 | 04 महीने | 14.08.2026 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है।
2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी।
3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए।
4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 2560/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सरकारी स्कूलों में हर सप्ताह हरियाणा राज्य-गीत का सामूहिक गायन अनिवार्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में हरियाणा राज्य-गीत के नियमित सामूहिक गायन को अनिवार्य कर दिया है। 22 जुलाई को जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक सरकारी विद्यालय में सप्ताह में एक दिन प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के बाद हरियाणा राज्य-गीत का सामूहिक गायन कराया जाएगा। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए विद्यालयों में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों में हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत, गौरव और राज्य के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। विभाग का मानना है कि नियमित रूप से राज्य-गीत गाने से विद्यार्थियों का प्रदेश की संस्कृति, इतिहास और पहचान से जुड़ाव मजबूत होगा तथा उनमें राज्य के प्रति जिम्मेदारी और गौरव का भाव भी बढ़ेगा। यह आदेश विद्यालय शिक्षा निदेशालय की शैक्षिक शाखा के सहायक निदेशक की ओर से जारी किया गया है। इसकी प्रतियां विभागों को भेजी गई है।

# बिजली निगम की एडवाइजरी आमजन खुद खंभों पर न चढ़ें

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) ने किसानों और आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य विद्युत उपकरणों से स्वयं छेड़छाड़ न करें और न ही बिजली फाल्ट को खुद ठीक करने का प्रयास करें। निगम ने कहा है कि बिना सुरक्षा उपायों के बिजली खंभों और ट्रांसफार्मरों पर चढ़ने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। निगम के प्रवक्ता ने बताया कि कई बार किसान और उपभोक्ता बिजली आपूर्ति में खराबी आने पर स्वयं ही फाल्ट ठीक करने का प्रयास करते हैं। इस दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण जान-माल का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि बिजली उपकरणों की मरम्मत का कार्य केवल प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा ही किया जाना चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि बिजली संबंधी शिकायतें निगम के निर्धारित माध्यमों से ही दर्ज कराएं।

# कर्मचारियों के मानदेय पर सख्तीः नियमित कार्यों के लिए अतिरिक्त भुगतान पर रोक

**■ अब केवल विशेष व अतिरिक्त कार्य पर ही मिलेगा मानदेय**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दिए जाने वाले मानदेय (ऑनरेरियम) की व्यवस्था को सख्त करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि वित्त वर्ष 2025-26 से मानदेय केवल हरियाणा सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारियों को भत्ते) नियम, 2016 के नियम 50 से 53 के तहत ही दिया जाएगा। इन नियमों में किसी प्रकार की छूट नहीं होगी। साथ ही, वर्ष 2023 और 2024 में इस संबंध में जारी सभी पूर्व निर्देश तत्काल प्रभाव से वापस ले लिए गए हैं। वित्त विभाग ने 23 जुलाई, 2026 को जारी आदेश सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, उपमंडल अधिकारियों (नागरिक), पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भेज दिए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को मानदेय तभी दिया जा सकेगा, जब उसने विशेष प्रकृति का, अवसर विशेष अथवा अस्थायी अतिरिक्त कार्य किया हो। यह भुगतान नियमित वेतन का हिस्सा नहीं माना जाएगा, बल्कि विशेष कार्य के पारिश्रमिक के रूप में दिया जाएगा।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन, खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन, खानपुर कलां में स्थापित सभी मोटरों के सीएमसी + तीन अन्य कार्यों - सेवाओं हेतु निविदा। | 24.07.2026 03.08.2026 | ईएमडी 40000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 2 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में वर्ष 2024 हेतु जरनल्स की खरीद के लिए निविदा। | 28.07.2026 11.08.2026 | ईएमडी 64000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में शार्प फोटोकॉपियर मशीन मॉडल शार्प बीपी-20एम22 के लिए टोनर कार्ट्रिज की खरीद निविदा। | 27.07.2026 12.08.2026 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 126700282 dirshkmnuh.med-hry@nic.in |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) और स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) समारोहों का आयोजन करने के लिए अपेक्षित वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए निविदा। | 27.07.2026 05.08.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 dirshkmnuh.med-hry@nic.in |
| 5 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), हरियाणा | ईएसआई हैल्थकेयर हरियाणा के ईएसआई लाभार्थियों हेतु चिकित्सा दावा प्रोसैसिंग की गतिविधियों को अंडरटेक करने के लिए तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) का पैनल तैयार करना। | 25.07.2026 24.08.2026 | ईएमडी 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | आंगनवाड़ी केन्द्र को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों में अपग्रेडेशन के लिए एलईडी टीवीएस की अधिप्राप्ति। | 25.07.2026 24.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | अग्नि एवं आपातकालीन सेवाओं, हरियाणा के लिए वायरलैस कम्यूनिकेशन सिस्टम की आपूर्ति और प्रचालन। | 25.07.2026 24.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल चरखी दादरी से सम्बन्धित हार्डवेयर मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 22.07.2026 05.08.2026 | 74.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172582542 xenproc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/160/47510/I/88/6 दि. 24.07.26


## सोनीपत में बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को तोड़ने का प्रयास

**सोनीपत।** शास्त्री कॉलोनी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में देर रात चोरी का प्रयास किया गया। अज्ञात बदमाश एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखी नकदी निकालने की कोशिश करते रहे, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना में एटीएम को नुकसान पहुंचा, जबकि मशीन में रखी नकदी सुरक्षित बच गई। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस और कोर्ट कॉम्प्लेक्स पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वारदात देर रात करीब दो बजे की है। बदमाश एटीएम बूथ में घुसे और मशीन को तोड़कर कैश निकालने का प्रयास किया। सुबह बैंक कर्मचारियों के पहुंचने पर घटना का पता चला। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि बैंक प्रबंधन की ओर से लिखित शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। जांच के दौरान एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था में भी कई कमियां सामने आईं।

## मानव संसाधन विभाग में भरे जाएंगे 32 पद

**चंडीगढ़।** सरकार ने मानव संसाधन विभाग में प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) के आधार पर 32 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पदों के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत पात्र नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे। विभाग द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार विभाग में आठ विभिन्न श्रेणियों के पद भरे जाएंगे। इनमें 13 सहायक, 6 लिपिक, 3 अधीक्षक, 3 निजी सहायक, 3 स्टेनो-टाइपिस्ट, 2 जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर, 1 निजी सचिव तथा 1 चालक का पद शामिल है।

## टीबी मुक्त भारत एप पर पंजीकरण में हरियाणा अव्वल

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए टीबी मुक्त भारत एप पर 35,229 पंजीकरण के साथ देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य में टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) कवरेज 49 प्रतिशत, मॉलिक्यूलर (एनएएटी) जांच 67 प्रतिशत और 71 प्रतिशत पात्र टीबी मरीजों को डिफरेंशिएटेड टीबी केयर उपलब्ध कराई जा रही है। इन उपलब्धियों की समीक्षा शुक्रवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान की बैठक में की गई।


**प्राचार्य, कार्यालय राजकीय महाविद्यालय, नारनौल**

(रेलवे स्टेशन रोड, नारनौल, जिला-महेंद्रगढ़-123001)
(स्थापना : 1954)
ई-मेल : principal.gcnnl@gmail.com वेबसाइट : www.gcnnl.ac.in
टेली. नं. : 01282-251256 (कार्यालय)

दिनांक : 23.07.2026

**शुद्धिपत्र**

राजकीय महाविद्यालय, नारनौल में परिसर की सफाई और हाउसकीपिंग सेवाओं के लिए निविदा आमंत्रण हेतु प्रकाशित निविदा सूचना के संदर्भ में, एतद द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि पृष्ठांकन सं. 12/1-2024 एडी (3) दिनांक 25.11.2025 के तहत उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा पालन किए अनुसार, हरियाणा सरकार, सहकारिता विभाग अधिसूचना सं. 480-सी-7-2025/4728 दिनांक 27.06.2025 के अनुपालन में केवल पात्र सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि कुछ लिपिकीय गलतियों को ठीक किया गया है। जो निविदा प्रपत्र प्राप्त कर चुके हैं, महाविद्यालय वेबसाइट से संशोधित संस्करण प्रपत्र निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

तदनुसार, केवल वे ही सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियां निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र होंगी जो उपरोक्त अधिसूचना/पृष्ठांकन में निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करती हैं। उक्त अधिसूचना/पृष्ठांकन में निहित सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगे और उन्हें निविदा सूचना दिनांक 09.07.2026 का अभिन्न भाग माना जाएगा। निविदा सूचना के अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे। अंतिम तिथि अब 29.07.2026 तक अप. 4:00 बजे तक बढ़ा दी गई है।

हस्ता/- प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, नारनौल।

पीआरडीएच-1031/11/424/2027/47496/88/6 दि. 24.07.26



भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/770 दिनांक:-14/07/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (50) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No | Work Item | CIN | Company Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC4321734 | U21001HR2025PTC139677 | न्यूटोरा हेल्थकेयर वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC4329684 | U68200HR2025PTC136954 | वेल्थनेस्ट बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC4330993 | U62013HR2025PTC135404 | जालिवांड्रा प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC4338547 | U62099HR2025PTC134678 | टेकस्पायर इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC4308344 | U47912HR2025PTC134467 | एसएसआरपीपी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC3834929 | U26100HR2025PTC132777 | एनएचएस पावर सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC4199524 | U74999HR2018PTC072218 | यूएफएच सीएडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC4259251 | U46497HR2025PTC133871 | सिंथोकेयर लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC4367707 | U46410HR2025PTC130848 | पेसएक्स पैसिफिक एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC4027241 | U66220HR2025PTC128801 | एम एंड जी इंश्योरेंस आईएमएफ प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC4304196 | U68100HR2025PTC128314 | एम्पोरियो रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC4368565 | U47610HR2024PTC125653 | एनएस अरोरा क्रिएटिव कस्टम्ज प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC4015624 | U62099HR2025PTC128393 | वनइनएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC4175595 | U58200HR2024PTC125913 | लाविज़ टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC4277106 | U82990HR2024PTC120883 | कॉमसो मार्केट प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AC4313803 | U49224HR2024PTC122421 | एड्सक्राउड टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC3945837 | U10795HR2024PTC120253 | इंडोफार्म फूड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AC4278730 | U85490HR2023PTC117130 | प्राइविऑन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AC4020900 | U62012HR2023PTC116147 | सुफना प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AC4336237 | U27201HR2023PTC115072 | श्री श्याम स्तुति प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AC4216762 | U58203HR2023PTC114488 | बोरड चिम्प्स गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AC4354337 | U73100HR2023PTC114081 | बीअलाउड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AC4319762 | U74202HR2023PTC113490 | एग्जीक्यूटिव स्टेज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AC4235686 | U46593HR2023PTC112819 | टेन्सन टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AC4386274 | U68100HR2023PTC111831 | एक्सेल्सिया एस्टेट मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AC4148433 | U72200HR2022PTC108731 | डाटाबॉट्स बिजनेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AC4172271 | U55101HR2023PTC109029 | अनीशा चौधरी हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AC3958649 | U74999HR2022PTC107462 | कस्टोशू प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AC3985068 | U70109HR2022OPC107448 | सोनाली कसीटा (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AC4245911 | U72900HR2022PTC106119 | फैंटेसी प्रो प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | AC4190479 | U55101HR2022PTC105731 | डिजिटल बटलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 32 | AC4210996 | U24290HR2022PTC101013 | केमिसावियो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 33 | AC4368822 | U29309HR2022PTC105016 | एफआरके मशीनरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 34 | AC4017867 | U85100HR2021OPC096542 | कार्ब एन फाइबर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 35 | AC4334731 | U72900HR2020PTC087618 | डाउटडेस्क प्राइवेट लिमिटेड |
| 36 | AC4311606 | U74999HR2020PTC088368 | एवी डिजिटल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 38 | AC4387748 | U29309HR2019PTC081336 | टॉर्क एंड टर्बो प्राइवेट लिमिटेड |
| 37 | AC4371316 | U45100HR2018PTC075395 | बीएसए इंफ्रा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड |
| 39 | AC4177701 | U72200HR2019PTC080159 | गुलिसन्स डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड |
| 40 | AC4234111 | U74999HR2018PTC076793 | एनीराह ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 41 | AC4379378 | U74999HR2018PTC077180 | मोगाचिया इंडिका प्राइवेट लिमिटेड |
| 42 | AC4072814 | U50500HR2018PTC076433 | अफेयर्समैन प्राइवेट लिमिटेड |
| 43 | AC4326967 | U74999HR2017PTC071983 | इंजीनियस रिपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 44 | AC4288248 | U74999HR2017PTC071565 | आनंद होम डिज़ाइन एंड रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 45 | AC4166237 | U74999HR2017PTC068043 | आईटीमैनियाक टेक्नोलॉजीज़ एंड प्रमोशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 46 | AC4259249 | U74999HR2017OPC066963 | डीप फोकस एंटरटेनमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 47 | AC4386097 | U70101HR2014PTC051515 | रिलायबल स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 48 | AC4329450 | U70109HR2013PTC048922 | पीएमडी रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड |
| 49 | AC4132822 | U93000HR2012PTC047716 | प्रोफएज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 50 | AC4360011 | U72300HR2008OPC040731 | सेगुरो इन्फोटेक (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्कृय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने के आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्कृय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0351/2627

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से 11 वर्षीय किशोर की मौत

**अलेवा।** बिघाना गांव के तालाब में नहाते समय शुक्रवार दोपहर को 11 वर्षीय किशोर जसकरण पानी में डूब गया। बच्चे को पानी में डूबता देख ग्रामीणों द्वारा किशोर को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों की सहायता से परिजनों द्वारा बेहोश अवस्था में किशोर को असंध के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। सरपंच प्रतिनिधि विक्रम ने बताया कि गांव के बाहरी वाले रास्ते पर स्थित झांडू वाले तालाब में दो बच्चे नहाने के लिए पानी में उतरे थे। गांव के ही रामपाल के लगभग 11 वर्षीय बेटे जसकरण को तैरना न आने के कारण वह तालाब के पानी में डूब गया। तालाब में डूबने से किशोर की मौत हो गई है।

### चरित्र पर शक के चलते पत्नी की हत्या की

**फरीदाबाद।** ग्रीन फील्ड कॉलोनी में गर्भवती महिला की हत्या के मामले में खुलासा करते हुए 23 जुलाई को मृतका के पति रंजीत कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 22 जुलाई को ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय नमीता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी। पिता की शिकायत पर थाना सूरजकुंड में दहेज हत्या की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया और जांच अपराध शाखा एनआईटी को सौंपी गई। मृतका के पिता शिव नारायण ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी के पति रंजीत कुमार तथा उसके परिवार के सदस्य शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इस वजह से हत्या कर दी गई। आरोपी ने कहा कि उसे पत्नी के चरित्र पर संदेह था। 21-22 जुलाई की रात उसे शक हुआ कि उसकी पत्नी किसी अन्य व्यक्ति से फोन पर बातचीत कर रही है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद उसने पत्नी की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी।

### जंतर मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में पूरे प्रदेश में उबाल

# छात्रों के पक्ष में वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड युवाओं ने खून से लिखा इंकलाब जिंदाबाद

- इनेलो ने भी यमुनानगर, हिसार, फतेहाबाद, करनाल, जींद व भिवानी समेत कई जिलों में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे काकरोच जनता पार्टी के समर्थकों व छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध की आग पूरे प्रदेश में फैल रही है। शुक्रवार को लगभग प्रदेश के हर जिले में कई-कई प्रदर्शन हुए। सोनीपत, गोहाना, रोहतक व पंचकूला आदि कई जिलों में वकीलों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। हिसार में वकीलों ने वर्क सस्पेंड रखा। वहीं, इनेलो पार्टी ने यमुनानगर, हिसार, फतेहाबाद, करनाल, जींद व भिवानी समेत कई जिलों में प्रदर्शन किया।

### भिवानी में छात्र नेताओं की भूख हड़ताल करवाई समाप्त



भिवानी। उमेश व मंजीत को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाते सीटीएम।

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुए घटनाक्रम के विरोध में तथा छात्र-छात्राओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय की मांग को लेकर पूर्व छात्र नेता उमेश भारद्वाज तथा छात्र नेता मंजीत लांगयान द्वारा शुरू की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुक्रवार को जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद संपन्न हुई। उपायुक्त के निर्देश पर सीटीएम भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जंतर-मंतर आंदोलन से जुड़े छात्रों की न्यायोचित मांगों व भावनाओं को संबंधित सरकार एवं सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। सीटीएम ने उमेश भारद्वाज एवं मंजीत लांगयान को जूस पिलाकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त करवाई। भूख हड़ताल समाप्त करने से पहले दोनों आंदोलनकारियों ने अपने रक्त से इंकलाब जिंदाबाद लिखकर संदेश दिया कि ये केवल एक नारा नहीं, बल्कि छात्रों के सम्मान, न्याय और अधिकारों के लिए उनके अटूट संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा, सत्यजीत पिलानिया, कमल प्रधान, कामरेड ओमप्रकाश, रघुबीर रंगा, आर्य, मास्टर रामफल, सीताराम नंबरदार व संदीप लोहानी मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों का जत्था दिल्ली रवाना

**भिवानी।** पेपर लीक घोटाले की निष्पक्ष जांच और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को अब पूर्व सैनिकों का समर्थन मिला है। वेटरन संगठन भिवानी के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों का एक जत्था दिल्ली स्थित जंतर-मंतर के लिए रवाना हुआ।
**गुरुग्राम :** संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और युवा लघु सचिवालय पहुंचे। वे डीसी को ज्ञापन देना चाहते थे, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया। किसी तरह पदाधिकारी अंदर घुसने में कामयाब रहे और प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।
**रेवाड़ी :** कांग्रेस के पूर्व विधायक चिरंजीव राव के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया।
**पलवल :** देवीलाल पार्क में शुक्रवार को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। नकुल और गौतम ने यहां पर धरने की कमान संभाली।

### चेयरमैन के बोर्ड पर सीजेपी लिखा

**सिरसा।** भाजपा नेता एवं हरियाणा श्रम बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा के आवास बोर्ड पर शरारती तत्व कालिख पोतकर सीजेपी (काकरोच जनता पार्टी) लिख गए। इस घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है।

### हाईकोर्ट ने दो अहम केस में सुनाया फैसला

# मेडिकल के बाद पॉलिसी जारी हुई, अब बीमारी बताकर बीमा खारिज नहीं कर सकते

- हाईकोर्ट ने कहा-कंपनी ने दावा किया कि उपभोक्ता ने कैंसर की बात छुपाई, जबकि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि बीमा कंपनी स्वयं अपने पैनल के डॉक्टर से मेडिकल जांच कराने के बाद जीवन बीमा पॉलिसी जारी करती है तो बाद में कथित पूर्व बीमारी का हवाला देकर दावा खारिज नहीं कर सकती। जस्टिस सुवीर सहगल और जस्टिस दीपिंदर सिंह नलवा की खंडपीठ ने भारती एएक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की अपील खारिज करते हुए एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र की स्थायी लोक अदालत द्वारा बीमाधारक की पत्नी के पक्ष में पारित मुआवजा भी यथावत रखा गया। मामले के अनुसार, समुद्र सिंह ने 31 मार्च 2018 को 7,11,322 रुपये की सम एश्योर्ड तथा 14,22,644 रुपये के डेथ बेनिफिट वाली जीवन बीमा पॉलिसी खरीदी थी। उन्होंने पहली प्रीमियम राशि जमा कर दी, लेकिन पालिसी शुरू होने के मात्र 25 दिन बाद, 25 अप्रैल 2018 को हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई।

पत्नी कलावती ने बीमा दावा किया, लेकिन कंपनी ने 31 मार्च 2019 को यह कहते हुए दावा अस्वीकार कर दिया कि बीमाधारक ने प्रस्ताव पत्र में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी गलत दी और कैंसर की बता छुपाई, जबकि उनकी मौत तो हार्ट अटैक से हुई थी। इस मामले में अदालत ने पाया कि बीमा कंपनी ने स्वयं स्वीकार किया है कि पॉलिसी जारी करने से पहले उसके डॉक्टर ने बीमाधारक की मेडिकल जांच की थी। ऐसे में यदि जांच के बाद पॉलिसी जारी की गई तो कंपनी बाद में यह नहीं कह सकती कि बीमाधारक पहले से गंभीर बीमारी से पीड़ित था। कंपनी का आरोप था कि बीमाधारक ने कैंसर का इलाज छिपाया, जबकि उसकी मृत्यु हार्टअटैक से हुई थी। इसलिए दोनों के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध स्थापित नहीं होता।

### अनुकंपा नियुक्ति में उच्च पद की मांग खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के एक दिवंगत कर्मचारी के आश्रित द्वारा अनुकंपा नीति के तहत क्लर्क (क्लास-3) पद पर नियुक्ति की मांग खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुकंपा नियुक्ति कोई सार्वजनिक भर्ती का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह सरकार द्वारा बनाई गई नीति के अनुसार दी जाती है। जस्टिस हरकेश मनुजा ने रमेश कुमार की नियमित द्वितीय अपील खारिज करते हुए निचली दोनों अदालतों के फैसलों को सही ठहराया। मामले के अनुसार भिवानी निवासी याचिकाकर्ता रमेश कुमार के पिता हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में मल्टी पर्पज हेल्थ वर्कर के पद पर कार्यरत थे। 20 अक्टूबर 2000 को सेवा के दौरान उनका निधन हो गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने हरियाणा सरकार की एक्स-ग्रेसिया नीति के तहत अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। उसका कहना था कि 31 अगस्त 1995 की सरकारी नीति के अनुसार आश्रित को मृत कर्मचारी के पद से एक स्टेप नीचे नियुक्ति मिलनी चाहिए। उसके अनुसार इसका अर्थ एक वेतनमान नीचे था, न कि निचले वर्ग के पद पर नियुक्ति। चूंकि उसके पिता क्लास-3 कर्मचारी थे और उसी श्रेणी में इससे नीचे कोई पद नहीं था, इसलिए उसे क्लर्क के पद पर नियुक्त किया जाना चाहिए था। हालांकि विभाग ने 3 जनवरी 2002 को उसे क्लास-4 कर्मचारी के रूप में नियुक्ति दे दी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि विभाग ने उसके आवेदन पर निर्णय लेने में अनावश्यक देरी की, जिससे उसे पुरानी नीति का लाभ नहीं मिल सका। सरकार ने अदालत में कहा कि 7 फरवरी 2001 को जारी स्पष्टीकरण में स्पष्ट कर दिया गया था कि "एक स्टेप नीचे" का अर्थ एक निचले पद पर नियुक्ति है। चूंकि याचिकाकर्ता की नियुक्ति जनवरी 2002 में हुई, इसलिए उसी समय प्रभावी नीति उसके मामले पर लागू होगी।

### पंचकूला में भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम कल

# कैप्टन अभिमन्यु समाज को देंगे एकजुटता का संदेश

**चंडीगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री और



भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु 26 जुलाई को शाम चार बजे पंचकूला सेक्टर 6 स्थित जाट भवन में होने वाले भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। पूर्व मंत्री रविवार को होने वाले कार्यक्रम में सर्व समाज भाईचारा में शामिल होकर विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम में सभी समाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में समाज की एकता व अखंडता को लेकर विचार-विमर्श होगा। बता दें कि इससे पूर्व प्रदेश के कई जिलों में इस तरह के भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाज की 36 बिरादरी के लोगों ने शिरकत कर विकासोन्मुखी सोच और स्वच्छ सामाजिक वातावरण की पहल की है।

# सीए ने पत्नी के साथ भाखड़ा नहर में लगाई छलांग, 80 किमी दूर मिला महिला का शव

- आर्थिक तंगी की वजह से परेशान था जीरकपुर निवासी परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पंजाब के जीरकपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट ने पत्नी के साथ नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। सीए राजीव बाली का शव पंजाब के राजपुरा के पास भाखड़ा नहर से बरामद हुआ, जबकि पत्नी नीरजा बाली का शव 80 किलोमीटर दूर कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर के पास सरस्वती फीडर नहर से मिला। पंजाब पुलिस को भाखड़ा नहर किनारे उनकी कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। उसमें से बरामद मोबाइल फोन से पहचान उजागर हुई। यह दंपती 21 जुलाई से लापता था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों पिछले कुछ समय से आर्थिक दबाव में थे। कुरुक्षेत्र पुलिस के मुताबिक, नीरजा के भाई दिनेश बताया कि उसके जीजा राजीव बाली का जीरकपुर के मॉल में ऑफिस था। वे चार्टर्ड अकाउंट थे। वह पिछले कुछ समय से आर्थिक दबाव में चल रहे थे। दिनेश ने आशंका जताई कि शायद इसी वजह से दोनों ने सुसाइड किया है। उन्हें किसी पर कोई शक नहीं है।

### दो बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया

परिवार के मुताबिक, राजीव और नीरजा की शादी वर्ष 2003 में हुई थी। उनके परिवार में 17 साल का बेटा और 13 साल की बेटी हैं। बेटा अभी 12वीं क्लास और बेटी 10वीं क्लास में पढ़ते हैं। अभी अपनी दादी के साथ रह रहे हैं।

### मेवात विकास रैली के बहाने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश करेगी भाजपा

# कांग्रेस के गढ़ में सेंध की तैयारी

> कांग्रेस के सियासी दिग्गजों को भाजपा के पाले में लाने की तैयारी, विधायक के बेटे जावेद ने झोंकी ताकत

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार और भाजपा के रणनीतिकारों की नजरें अब उन विधानसभा और लोकसभा की सीटों पर हैं, जिन सीटों पर बीते चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ गया था। शनिवार को मेवात विकास रैली के बहाने भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने जा रही है, अर्थात कांग्रेस के इस गढ़ में सेंध लगाने के साथ ही भगवाकरण की तैयारी है।

25 जुलाई की अनाज मंडी पुनहाना में होने वाली "मेवात विकास संकल्प रैली" को लेकर पदाधिकारी युद्ध स्तर की तैयारी में जुटे हैं। इस रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंच रहे हैं और उनसे कई अहम घोषणाओं की उम्मीद है। इसके लिए मांगपत्र भी बनाया गया है।

### कांग्रेस विधायक के बेटे हैं आयोजक

भाजपा और इसके नेता पहले ही राज्यसभा चुनावों में पैदा हुई दूरियों को



लेकर कांग्रेस के विधायकों को थपकी देने में लगे हैं। अब इस इलाके में कांग्रेस से विधायक बने मोहम्मद इलियास के पुत्र जावेद एडवोकेट को मेवात विकास का जिम्मा सौंपा है। जावेद इस रैली के मुख्य आयोजक हैं। जावेद एडवोकेट ने दावा किया है कि यह कार्यक्रम भीड़ के रिकॉर्ड को आराम से तोड़ देगा। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारी को लेकर उन्होंने 75 गांव का दौरा है। जावेद एडवोकेट का कहना है कि इस रैली में मेवात यूनिवर्सिटी, दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस वे पर मरोड़ा गांव में कट, गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए को फोरलेन बनाने के अलावा नए कॉलेज, स्कूल अपग्रेड, बिजली घर के अलावा ढेर सारी मांगे रखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि सीएम और प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ में बैठे अफसरों ने होमवर्क कर लिया है, जिनको जल्द ही पूर्ण करने की घोषणा होगी। इस अहम रैली की खासियत यह है कि भारतीय जनता पार्टी लगातार इलाके में दूसरे दलों के बड़े नेताओं को जोड़ने की तैयारी में है। अब से पहले पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन, पूर्व विधायक नसीम अहमद, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद भाजपा के रंग में रंग चुके हैं। विधायक मोहम्मद इलियास का परिवार भी भगवा रंग में रंगने जा रहा है। बड़े सियासी परिवारों की नजरें भी अब भाजपा और सत्ता के साथ जुड़ने में लगी है।


### मोहम्मद इलियास के इस्तीफे पर अभी भी संशय

अब देखना यह है कि इस रैली में कांग्रेस विधायक मोहम्मद इलियास स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर या किसी अन्य कारण का हवाला देकर इस्तीफा देते हैं या नहीं। इसको लेकर भी स्थानीय क्षेत्र से लेकर राजधानी चंडीगढ़ तक चर्चा का माहौल बना है।

# युवती ने सातवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**सोनीपत।** सेक्टर-10 स्थित रेलवे हाईराइज सोसायटी में शुक्रवार को एक 25 वर्षीय युवती ने सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सेक्टर-27 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान उदिता के रूप में हुई है। उसके पिता अजय पाटिल रेलवे से सेवानिवृत्त हैं। घटना के समय युवती अपने कमरे में गई थी। कुछ देर बाद वह ऊपरी मंजिल से नीचे गिर गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उदिता पिछले काफी समय से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रही थी और दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। उदिता तीन बहनों में सबसे छोटी थी। उसने 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की थी और उसके बाद उपचार के चलते पढ़ाई जारी नहीं रख सकी। कुछ दिन पहले ही परिवार ने उसका जन्मदिन भी साथ मिलकर मनाया था।




### शहादत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व नौसेना जवान श्रद्धांजलि देने पहुंचे

# कनीना के नौसैनिक का मुंबई में निधन सैन्य सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव गाहड़ा के लाल भारतीय नौसेना के जवान रविकांत का शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, रविकांत भारतीय नौसेना में एल.कॉम के पद पर कार्यरत थे। जो वर्ष 2016 में नौसेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में उनकी तैनाती मुंबई में थी, जहां ड्यूटी के दौरान उनका निधन हो गया। निधन के कारणों का आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हुआ है। गांव का गाहड़ा के सरपंच प्रतिनिधि श्रीपाल यादव ने बताया कि रविकांत का



कनीना। शहीद के परिजनों को तिरंगा सौंपते नौसेना के अधिकारी।

विवाह वर्ष 2023 में हुआ था और उनकी पत्नी मुंबई में उनके साथ ही रहती थीं। कुछ समय पूर्व उनका ट्रांसफर दिल्ली से मुंबई हुआ था। वह अंतिम बार सरसों की कटाई के दौरान छुट्टी लेकर गांव आए थे। उस दौरान उन्होंने अपने पिता के साथ खेतों में काम किया और परिवार के साथ समय बिताने के बाद वापस ड्यूटी पर लौट गए थे। उन्होंने बताया कि रविकांत अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनकी बहन सुषमा चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत हैं। बेटे के निधन से पिता जगदीश और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अंतिम दर्शन के दौरान पिता बार-बार बेटे को याद कर बिलखते रहे, जिससे मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

ग्रामीणों ने बताया कि रविकांत शांत, अनुशासित और मिलनसार स्वभाव के थे। भारतीय नौसेना के अधिकारियों की मौजूदगी में उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। नेवी से आए लेफ्टिनेंट कमांडर विवेक राय के निर्देशन में सैन्य परंपराओं के अनुसार अंतिम विदाई दी गई। रविकांत को उनके चचेरे भाई सुधीर ने मुखाग्नि दी।


# विपक्ष प्रधान के इस्तीफे पर अड़ा, मानसून सत्र का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ा

## संसद के दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहा, प्रश्नकाल और शून्यकाल भी नहीं चल सके

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले पर चर्चा से पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़े विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी संसद के दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहा और लोकसभा एक बार के स्थगन, वहीं राज्यसभा दो बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। मानसून सत्र की शुरुआत से ही दोनों सदनों में कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका तथा प्रश्नकाल और शून्यकाल भी नहीं चल सके। विपक्षी सदस्य नीट मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई सहित विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने विपक्ष से प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए कहा उन्हें बात रखने का अवसर दिया जाएगा।

**लोस एक व रास दो बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई**



### सरकार नीट मामले पर चर्चा के लिए तैयारः किरेन रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सरकार नीट मामले पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को चर्चा के लिए कोई शर्त नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष शुरू से ही



इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहा था और सरकार चर्चा के लिए तैयार है। रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी नीट मामले में देश को आश्वासन दिया है और सरकार प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कड़ा कानून लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला किया जाएगा। ऐसे समय में अगर हम संसद में चर्चा नहीं करेंगे तो देश के सामने अच्छा संदेश नहीं जाएगा...नेता प्रतिपक्ष राहुल जी से अनुरोध है कि अपने सांसदों को समझाएं। कई अन्य दलों के सांसदों ने निजी तौर पर कहा है कि चर्चा होनी चाहिए।

### प्रधान 'अपराधी शिक्षा मंत्री' : राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को सरकार पर प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पैलेट गन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि 'अपराधी शिक्षा मंत्री' धर्मेंद्र प्रधान को पद



से हटना ही होगा। गांधी ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पैलेट गन के इस्तेमाल से घायल हुए युवक साहिल को मीडिया के सामने पेश किया और कहा कि ऐसे "हजारों युवाओं" के खिलाफ बर्बर कार्रवाई की गई है। सरकार कह रही है कि पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं हुआ, जबकि उस समय पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया जब यह युवक देश का तिरंगा लेकर खड़ा था। इसकी आंख को नुकसान पहुंचा है और इसे दिखाई नहीं दे रहा है। ये हमारे भविष्य हैं और ऐसे हजारों युवाओं पर पैलेट गन चलाई गई है, लाठियां चलाई गई हैं, उन्हें मारा और पीटा गया है।

### सौगात लोस में तृणमूल के उपनेता नियुक्त

तृणमूल कांग्रेस ने वरिष्ठ सांसद सौगात राय को लोकसभा में पार्टी का उपनेता नियुक्त किया। यह महत्वपूर्ण पद शताब्दी रॉय के पार्टी से



अलग होकर बागी गुट में शामिल होने के बाद रिक्त हो गया था। यह नियुक्ति तृणमूल के संसदीय दल में बड़े संगठनात्मक बदलाव के बीच हुई है। पार्टी के 20 सांसदों के बगावत कर 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' (एनसीपीआई) के साथ जुड़ने के बाद संसद में पार्टी के नेतृत्व ढांचे में बदलाव किए जा रहे हैं। लोकसभा में तृणमूल की उपनेता रही शताब्दी रॉय बागी गुट में शामिल सांसदों में थीं, जिसके चलते पार्टी को नया उपनेता नियुक्त करना पड़ा।

### खड़गे ने कहा- प्रधानमंत्री सदन में आकर जवाब दें



उधर राज्यसभा में सभापति राधाकृष्णन ने सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने की अनुमति दी। खरगे ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई का जिक्र किया। विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को स्थिति स्पष्ट करते हुए बयान देना चाहिए।

### राज्यसभा में राष्ट्रीय गौरव अपमान बिल पेश किया

राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राष्ट्र- गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक 2026 पेश किया गया। यह संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए है। राय ने सदन में चर्चा करने और पारित करने के लिए यह विधेयक पेश किया। विपक्षी ने बिल पेश किए जाने का विरोध किया।

# संसद मार्च जांच की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें 'नीट-यूजी' प्रश्न पत्र लीक और उससे जुड़े अन्य मुद्दों के विरोध में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हुए संसद मार्च की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) या किसी "प्रमुख एजेंसी" से जांच कराने का अनुरोध किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा कि तोड़-फोड़ की कथित घटनाओं की जानकारी और नोटिस अधिकारियों को दे दिया गया है, और वे कानून के मुताबिक कार्रवाई करेंगे। पीठ ने यह भी कहा कि किसी मामले को जांच के लिए एनआईए को सौंपने का निर्णय केंद्र सरकार को लेना है, न कि अदालत को। न्यायालय की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिकाकर्ता के वकील से जनहित याचिका वापस लेने पर विचार करने को कहा जिसके बाद याचिकाकर्ता ने पीठ से याचिका वापस लेने का अनुरोध किया।

### सुको पुलिस ज्यादती वाली याचिकाओं पर करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने उन दो याचिकाओं पर 27 जुलाई को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति जताई, जिनमें पुलिस पर नीट प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर ज्यादती करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले का उल्लेख प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची, न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं श्याम दीवान और गोपाल शंकरनारायणन ने इस मामले का उल्लेख किया।

### आज भी बंद रहेंगे मध्य दिल्ली के 17 मेट्रो स्टेशन

**नई दिल्ली (भाषा)।** जंतर-मंतर के पास जारी कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को लेकर सुरक्षा चिंताओं के कारण शनिवार को भी मध्य दिल्ली के 17 मेट्रो स्टेशन बंद रहेंगे। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने जानकारी दी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मेट्रो स्टेशनों को बंद रखे जाने का यह लगातार चौथा दिन होगा। डीएमआरसी ने बताया कि शनिवार सुबह साढ़े सात बजे से अगले आदेश तक ये स्टेशन यात्रियों के लिए बंद रहेंगे।

# 450 करोड़ के बैंक फ्रॉड पर दिल्ली-यूपी, पंजाब में छापे

- ईडी का ताबड़तोड़ एक्शन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ ज़ोनल कार्यालय ने आज पीएमएलए एक्ट के तहत संतोष ओवरसीज लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ एक्शन तेज करते हुए तलाशी अभियान चलाया। ईडी की ये जांच सीबीआई के एक मामले के तहत की गई है, जिसमें बैंकों के एक ग्रुप से कथित तौर पर लगभग 450 करोड़ रुपये का लोन लिया गया और फिर उस पैसे का तय इस्तेमाल करने की बजाय उसे शेल कंपनियों में डाला गया और अन्य नेटवर्क के जरिए घुमाया गया। ईडी ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब में प्रमोटरों, संबंधित कंपनियों से जुड़े 8 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सीबीआई के एक मामले के तहत ईडी ने यह जांच की है. जांच में सामने आया है कि बैंकों के एक समूह से कथित तौर पर 450 करोड़ रुपये का लोन लिया गया और फिर उस पैसे को शेल कंपनियों, अकोमोडेशन एंट्री ऑपरेटरों और संबंधित कंपनियों के नेटवर्क के ज़रिए फ़र्ज़ी इनवॉइस और फ़र्ज़ी लेन-देन के जरिए घुमाया गया।

### मदद करने वालों के ठिकानों पर भी छापे

ईडी द्वारा इस मामले में प्रमोटरों, संबंधित कंपनियों और इस धोखाधड़ी में मदद करने वालों से जुड़ी जगहों पर तलाशी ली जा रही है। ईडी सख्ती से देश के कई हिस्सों में ताबड़तोड़ तलाशी अभियान चला रही है।

## सहारनपुर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत और दो लापता, शवों के चीथड़े 100 मीटर दूर गिरे

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शुक्रवार शाम एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लापता हैं। एक युवक की लाश फैक्ट्री से करीब 100 मीटर दूर खेत किनारे मिली। उसके चीथड़े उड़ गए थे। सिर, एक हाथ और दोनों पैर गायब मिले। मौतों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गईं।

पंजाब के पूर्व सीएम की कांग्रेस हाईकमान को दो टूक

## चन्नी 2027 चुनाव की कैंपेन कमेटी के चेयरमैन पद से दे सकते हैं इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी कांग्रेस हाईकमान को बड़ा झटका दे सकते हैं। चन्नी गुट से जुड़े नेताओं के मुताबिक वह जल्द ही 2027 चुनाव की कैंपेन कमेटी के चेयरमैन का पद छोड़ सकते हैं। दिल्ली में हुई हाईकमान की मीटिंग के बाद यह हालात बनते जा रहे हैं। मीटिंग में मौजूद कुछ नेताओं के मुताबिक दिल्ली में केसी वेणुगोपाल की अगवाई में हुई बैठक में चन्नी गुट ने फिर से बागी तेवर अपनाए। चन्नी ने पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल को यहां तक कह दिया कि पंजाब में मौजूदा प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की अगुआई में कांग्रेस चुनाव नहीं जीत सकती।

दिल्ली हाई कोर्ट का ईसी से सवाल

## आर्टिकल 324 की आड़ में आप मनमर्जी नहीं कर सकते



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर से संबंधित कार्य के लिए स्कूली शिक्षकों को तैनात करने के मामले में चुनाव आयोग पर सवाल उठाया है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की पीठ ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 का सहारा लेकर अपनी मनमर्जी कर सकता है। इसकी आड़ में आप जो चाहें वो करते हैं? कोर्ट ने कहा कि किसी को आपके मानदेय या मुआवजे में कोई दिलचस्पी नहीं है। क्या आपके निर्देशों को अनिवार्य कहा जा सकता है? क्या आप कह सकते हैं कि नहीं, हम मुआवजा दे रहे हैं। वह किस अधिकार के तहत स्कूल शिक्षकों को एसआईआर में काम करने का निर्देश दे रहा है।

### शक्ति का उदारतापूर्वक प्रयोग करना चाहिएः ईसी

चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता संजय वशिष्ठ पेश हुए। उन्होंने तर्क दिया कि दिल्ली में एसआईआर प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और केवल 10-14फीसदी स्कूली शिक्षकों को ही मतदाता सूची संशोधन कार्यों में लगाया जाता है। वशिष्ठ ने कहा कि कर्मचारियों को नियुक्त करने की आयोग की शक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 13बी (2) से प्राप्त होती है और किसी भी असुविधा से बचने के लिए इस शक्ति का उदारतापूर्वक प्रयोग किया जाता है।



## चिंतन

# पेपर लीक पर नकेल जरूरी

नीट-यूजी और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक को लेकर केंद्रीय कैबिनेट ने सख्त कानून को मंजूरी देकर पेपर लीक करने वालों पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ और कड़ी सजा का प्रावधान करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किया जा सकता है। प्रस्तावित कानून में पेपर लीक के दोषियों के लिए 10 साल तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान हो सकता है। यह निर्णय केवल एक कानून बनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि देश की पूरी परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार का अवसर भी बनना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के विश्वास को झकझोर दिया है। हर बार लाखों मेहनती अभ्यर्थियों की वर्षों की तैयारी कुछ लोगों के लालच और संगठित अपराध के कारण प्रभावित हुई है। सुप्रीम कोर्ट भी स्पष्ट कर चुका है कि केवल तदर्थ उपायों से परीक्षा प्रणाली सुरक्षित नहीं बनाई जा सकती। आवश्यकता एक ऐसी स्थायी, तकनीक आधारित और पारदर्शी व्यवस्था की है, जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर प्रिंटिंग, परिवहन, परीक्षा संचालन और मूल्यांकन तक हर चरण सुरक्षित हो। डिजिटल निगरानी, सीमित मानव हस्तक्षेप और जवाबदेही तय करने जैसी व्यवस्थाओं को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और अन्य परीक्षा संस्थाओं की कार्यप्रणाली का समय-समय पर स्वतंत्र ऑडिट भी होना चाहिए। पेपर लीक के खिलाफ लड़ाई में केवल सरकार की भूमिका पर्याप्त नहीं होगी। राज्यों, जांच एजेंसियों, परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं, स्कूल-कॉलेजों, अभिभावकों और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सहमति बनानी चाहिए। संसद में आने वाले विधेयक पर गंभीर और सार्थक चर्चा हो, ताकि कानून में ऐसी कोई कमी न रह जाए, जिसका लाभ भविष्य में अपराधी उठा सकें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया तेज हो। यदि पेपर लीक के मामलों में वर्षों तक फैसले लंबित रहेंगे तो कठोर कानून का उद्देश्य कमजोर पड़ जाएगा। विशेष अदालतों, समयबद्ध जांच और दोषियों की संपत्ति जब्त करने जैसे प्रावधान इस कानून को और प्रभावी बना सकते हैं। नीट को लेकर आंदोलन और विपक्ष के तेवरों को देखते हुए लगता है कि सरकार इस बिल को आसानी से पारित करवा लेगी। इसके बाद कानून बनने पर कोई भी व्यक्ति या पेपर लीक माफिया ऐसा करने से 100 बार सोचेगा। सभी पार्टियों से भी उम्मीद की जाती है कि वे इस बिल पर संसद में सार्थक चर्चा करे और इसकी बेहतरी के लिए सुझाव पेश करे। सरकार इसमें यह भी प्रावधान करे कि जो विद्यार्थी परीक्षा लीक में शामिल हों, उन पर भविष्य में प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा देनी चाहिए। कुल मिलाकर आज का समय हमारे युवाओं का है। ऐसे में उन्हें परीक्षा माफियाओं के चंगुल से बचाना होगा। सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार की बात पहले ही कह चुकी है। नीट व जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को परीक्षा माफियाओं से बचाने के लिए प्रश्न पत्र का प्रारूप भी ऐसा तैयार करना होगा, जिसमें औसत छात्र भी परीक्षा को बोझ न मानें और इसमें आसानी से भाग लेकर परीक्षा पास करने का मौका पा सकें। इससे छात्र हताश नहीं होंगे और कोचिंग माफिया से भी बचेंगे। छात्रों में आगे और बेहतर करने की लालसा पैदा होगी।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# अर्थव्यवस्था की नई ताकत जेन-जी

वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23 .5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38 .3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52 .1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37 .7 करोड़ है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है।

वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मी जेनरेशन-जेड यानी जेन-जी का बड़ा हिस्सा अभी शिक्षा, रोजगार या करियर के शुरुआती पड़ाव पर है। इसके बावजूद शेयर बाजार में उसकी बढ़ती भागीदारी, उपभोग पर प्रभाव और ऋण चुकाने में दिख रहा अनुशासन संकेत देता है कि यह पीढ़ी भारतीय अर्थव्यवस्था की भावी दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वित्त वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच शेयर बाजार से जुड़े प्रत्येक 10 नए निवेशकों में लगभग 6 की आयु तीस वर्ष से कम रही है।

वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23.5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52.1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है। स्मार्टफोन, सस्ती इंटरनेट सेवा, आधार-आधारित सत्यापन, ऑनलाइन डीमैट खाते, डिजिटल भुगतान और निवेश मंचों ने छोटे शहरों तथा कस्बों के युवाओं के लिए भी बाजार के दरवाजे खोल दिए हैं। शेयर बाजार के कुल निवेशक आधार में जेन-जी की 38.3 प्रतिशत हिस्सेदारी उसकी बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। हर दस निवेशकों में करीब चार का इस पीढ़ी से होना भारतीय शेयर बाजार की सामाजिक और भौगोलिक संरचना में आ रहे व्यापक बदलाव को रेखांकित करता है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या के कारण घरेलू बचत का एक हिस्सा पारंपरिक जमा साधनों से निकलकर वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहा है। नियमित और दीर्घकालीन निवेश में वृद्धि होने पर कंपनियों को बाजार से पूंजी जुटाने में सुविधा मिलती है। इस पूंजी का उपयोग उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नई परियोजनाएं शुरू करने और रोजगार सृजित करने में किया जा सकता है। इसलिए युवा निवेशकों की भागीदारी का प्रभाव केवल शेयरों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वास्तविक अर्थव्यवस्था तक भी पहुंचता है। सेबी के निवेशक सर्वेक्षण 2025 के अनुसार, प्रतिभूति बाजार के उत्पादों के प्रति जेन-जी में जागरूकता 66 प्रतिशत थी, जो अन्य कई आयु-वर्गों की तुलना में अधिक है। इससे स्पष्ट है कि युवा केवल निवेश मंचों तक नहीं पहुंच रहे, बल्कि शेयर, म्यूचुअल फंड, विनिमय कारोबार वाले कोष और अन्य वित्तीय साधनों को समझने का प्रयास भी कर रहे हैं। कम उम्र में निवेश शुरू करने से उन्हें चक्रवृद्धि प्रतिफल का लाभ उठाने के लिए लंबी अवधि मिलती है। जेन-जी को अक्सर आवेग में खर्च करने वाली और कर्ज पर निर्भर पीढ़ी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन ऋण संबंधी आंकड़े इस धारणा का दूसरा पक्ष सामने रखते हैं। फिनटेक कंपनियों और नई पीढ़ी की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का कुल ऋण पोर्टफोलियो करीब 1.43 लाख करोड़ रुपए है। इसमें असुरक्षित ऋण की हिस्सेदारी लगभग 1.01 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब 50,000 करोड़ का ऋण



जेन-जी को दिया गया है। इस प्रकार इन संस्थानों के असुरक्षित ऋण में जेन-जी की हिस्सेदारी लगभग 49.5 प्रतिशत है। संबंधित ऋणों की डिफॉल्ट दर दिसंबर 2024 में 0.42 प्रतिशत से घटकर जून 2025 में 0.35 प्रतिशत रह गई। यानी इसमें 0.07 प्रतिशत-बिंदु की कमी आई है। यह गिरावट संकेत देती है कि जेन-जी के अधिकांश उधारकर्ता समय पर ऋण चुका रहे हैं और असुरक्षित ऋण लेने के बावजूद उनमें वित्तीय अनुशासन दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद असुरक्षित ऋणों को लेकर सावधानी जरूरी है, क्योंकि इनमें किसी संपत्ति की जमानत नहीं होती। आसान डिजिटल ऋण, तत्काल स्वीकृति और आकर्षक प्रस्ताव युवाओं को आय से अधिक उधारी के लिए प्रेरित कर सकते हैं। एक ऋण चुकाने के लिए दूसरा ऋण लेना आगे चलकर वित्तीय दबाव और चूक का कारण बन सकता है।


भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37.7 करोड़ है। यह पीढ़ी प्रत्यक्ष रूप से अथवा पारिवारिक खरीद-निर्णयों के माध्यम से करीब 71 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक उपभोग को प्रभावित करती है। यह देश के कुल उपभोग का लगभग 43 प्रतिशत है। वर्ष 2035 तक जेन-जी से जुड़ा उपभोग करीब 1.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इससे आने वाले वर्षों में उसकी आर्थिक शक्ति और अधिक व्यापक होने का संकेत मिलता है। जेन-जी द्वारा प्रभावित 43 प्रतिशत उपभोग अर्थव्यवस्था में उसकी मांग-सृजन क्षमता को दर्शाता है। युवा जिन उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता देते हैं, कंपनियां उसी के अनुरूप उत्पादन, विपणन और निवेश की रणनीति बनाती हैं। यह पीढ़ी केवल खरीदार भी नहीं है। वह ऐप-आधारित सेवाओं की उपयोगकर्ता, डिजिटल सामग्री की निर्माता, स्टार्टअप की संस्थापक, स्वतंत्र पेशेवर, ऑनलाइन विक्रेता और निवेशक है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या बाजार के लिए शुभ संकेत है, लेकिन डिजिटल दक्षता अपने आप वित्तीय परिपक्वता की गारंटी नहीं होती। सोशल मीडिया पर मिलने वाली अधूरी सलाह, प्रभावशाली व्यक्तियों की अप्रमाणित सिफारिशें, वायदा एवं विकल्प कारोबार का आकर्षण, क्रिप्टो परिसंपत्तियों की अस्थिरता और बिना पर्याप्त समझ के लिया गया असुरक्षित ऋण गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। शेयर बाजार दीर्घकालीन संपत्ति निर्माण का माध्यम है, त्वरित कमाई की मशीन नहीं।

जेन-जी को निवेश और सट्टेबाजी के अंतर, जोखिम-विविधीकरण, आपातकालीन कोष, बीमा, चक्रवृद्धि प्रतिफल और जिम्मेदार ऋण-व्यवहार की समझ देना आवश्यक है। वित्तीय संस्थानों और नियामकों को भी युवाओं के लिए सरल भाषा में वित्तीय शिक्षा, पारदर्शी ऋण शर्तें और प्रभावी निवेशक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। जेन-जी की वास्तविक शक्ति केवल उसके युवा होने में नहीं, बल्कि तकनीक के साथ उसकी सहजता, सीखने की तत्परता और परंपरागत आर्थिक व्यवहार बदलने की क्षमता में है। यदि उसे रोजगार, गुणवत्तापूर्ण वित्तीय शिक्षा, जिम्मेदार ऋण और सुरक्षित निवेश के अवसर मिलते हैं, तो उसकी बचत उत्पादक पूंजी में बदल सकती है। इससे कंपनियों को दीर्घकालीन संसाधन, बाजार को व्यापक निवेशक आधार और अर्थव्यवस्था को टिकाऊ मांग मिलेगी। जेन-जी के हाथ में स्मार्टफोन है और उसी स्क्रीन पर बैंक खाता, डीमैट खाता, ऋण, कारोबार तथा निवेश के अवसर भी हैं। चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि उसकी उंगलियां केवल बाजार की तेजी का पीछा न करें, बल्कि जोखिम समझते हुए भविष्य की संपदा रचें। ऐसा होने पर जेन-जी शेयर बाजार की नई सहभागी भर नहीं रहेगी, बल्कि भारत की निवेश-संस्कृति और आर्थिक विकास की मजबूत धुरी बन सकती है।

( लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्मृति दिवस विशेष
सच्चिदानंद वर्मा



# स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार करने में सहायक है क्रिया योग

भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) के भक्तों और विश्व में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फेलोशिप (एसआरएफ़) के सदस्यों द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को महावतार बाबाजी का स्मृति दिवस मनाया जाता है। आधुनिक युग में जिस क्रिया योग की चारों तरफ चर्चा होती रही है, उसके उद्धारक महावतार बाबाजी ही हैं। भारत के ईश्वर प्राप्त संतों ने उन्हें श्रद्धा से महामुनि बाबाजी महाराज,महायोगी तथा शिव बाबा नाम दिए हैं। बाबाजी ने कहा था कि कई राष्ट्रों के लाखों लोग इस पद्धति से व्यक्तिगत इंद्रियातीत अनुभव प्राप्त करेंगे, जिससे विश्व में शांति स्थापित होंगी। सर्वप्रथम महावतार बाबाजी के बारे में जानकारी संपूर्ण विश्व को परमहंस योगानंद की पुस्तक योगी कथामृत द्वारा मिली। इस पुस्तक के अनुसार आज भी महावतार बाबाजी शारीरिक रूप में विद्यमान है। वे आज भी बद्रीनाथ के हिमालयी क्षेत्रों में आसानी से विचरण करते रहते हैं। ये साधारण संन्यासी नहीं, बल्कि अवतारी पुरुष है। उनका संपूर्ण जीवन मानव उत्थान के लिए है। उनके जन्मस्थान और परिवार के बारे में किसी को पता नहीं। वे देश व काल से परे हैं। वे साधारणतया हिन्दी बोलते हैं। लेकिन वे किसी भी भाषा में बातचीत कर सकते हैं। वे कभी-कभी ही प्रकट होते हैं। वे मानवीय आकलन से परे और अकल्पनीय हैं। आध्यात्मिक अवस्थाओं की कई श्रेणियां होती हैं। उनमें से एक



महावतार भी है। वे मनुष्य और ईश्वर के बीच सेतु की तरह हैं, इसीलिए उन्होंने देह धारण किया है। योगदा और एसआरएफ के संन्यासी व भक्त 25 जुलाई को बाबाजी की स्मृति दिवस के रूप में इसलिए मनाते हैं क्योंकि 25 जुलाई 1920 को ही बाबाजी ने परमहंस योगानंद को दर्शन दिए थे। जब योगानंद एक बंद कमरे में ध्यानमग्न अवस्था में बैठकर ईश्वर से कुछ आश्वासन चाह रहे थे, तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया। जब परमहंस ने दरवाजा खोला तो उन्होंने पाया कि उनके सामने महावतार बाबाजी खड़े हैं। महावतार बाबाजी कहते हैं कि तुम्हारी प्रार्थना सुन ली गई है। डरो मत। अमेरिका जाओ। वहां तुम्हारा संरक्षण किया जाएगा। बहुत वर्ष पहले मैं तुम्हारे गुरु युक्तेश्वर से एक कुंभ मेले मे मिला था और तभी मैंने उनसे कह दिया था कि मैं तुम्हें उनके पास शिक्षा ग्रहण के लिए भेजूंगा। असल में योगानंद को अमेरिका में एक धर्म सम्मेलन को संबोधित करने के लिए न्योता मिला था और वे अमेरिका जाने के पहले पूर्ण रूप से ईश्वर से आश्वस्त हो जाना चाहते थे कि कहीं वे पश्चिम सभ्यता में अपने असली उद्देश्य से भटक न जाएं। योगदा के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद योगी कथामृत पुस्तक को उद्धृत करते हुए बताते हैं कि इस क्रिया योग विज्ञान की खोज सतयुग में हुई। इसकी चर्चा श्रीमद्भगवद्गीता में भी की गई है। लेकिन कालांतराल में यह विलुप्त हो गया। पुनः महावतार बाबाजी चाहते थे कि इस क्रिया योग का पुनरुद्धार किया जाए। इसके लिए उन्हें एक उन्नत आत्मा की तलाश थी। उन्हें लाहिड़ी महाशय मिले। लाहिड़ी महाशय गृहस्थ थे। महावतार बाबाजी ने एक गृहस्थ को इसके लिए चुनकर संदेश दे दिया कि क्रिया योग केवल संन्यासियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक गृहस्थ भी इसके द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। 1861 में लाहिड़ी महाशय रानीखेत में एक दिन द्रोणगिरि पर्वत पर टहल रहे थे। तब उन्हें ऐसा अनुभव हुआ कि कोई उन्हें पुकार रहा है। जिस तरफ से आवाज आ रही थी, वे उस ओर चल पड़े। अचानक देखा कि एक व्यक्ति ने उन्हें बाहों में भर लिया। दरअसल वे और कोई नहीं, महावतार बाबाजी ही थे। महावतार बाबाजी उन्हें गुफा में ले गए। जब लाहिड़ी महाशय के सिर पर हाथ फेरा, तो लाहिड़ी को अपने पूर्व जन्मों की सारी बातें स्मरण होने लगी। वे जन्मानंतर से बाबाजी के शिष्य थे। लाहिड़ी महाशय को वहां से भौतिक संसार में क्रिया योग को पहुंचाने का काम दिया गया। उन्हें कहा गया कि लोगों को बताओ कि गृहस्थ में रहकर भी क्रियायोग के माध्यम से स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार किया जा सकता है। जन्म-मरण के भय से सदा के लिए मुक्त हुआ जा सकता है। स्वामी ईश्वरानन्द बताते है कि वहां से फिर लाहिड़ी महाशय दानापुर लौटते हैं और फिर वहां से वाराणसी में अपना निवास स्थान बनाते हैं। इस प्रकार लाहिड़ी महाशय को उन्होंने विनम्रता का पाठ पढ़ाया। आज सम्पूर्ण विश्व में ईश्वर प्राप्ति के इच्छुक साधक महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि और परमहंस योगानन्द द्वारा सुझाए गए क्रियायोग मार्ग पर चल कर लाभान्वित हो रहे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है योग



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी ने गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समय रहते क्यों नहीं संभली केंद्र सरकार?

पेपर लीक मामले में दोषियों को खोजकर सजा देना सरकार के लिए कोई बहुत बड़ा काम नहीं है। दूसरी मांग शिक्षा मंत्री द्वारा इस्तीफा देना है। तीसरी मांग, जिन छात्रों की दुखद मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को मुआवजा देना है। ये मांगें इतनी बड़ी नहीं हैं जितना बड़ा आंदोलन हो गया। इन मांगों को सरकार वार्ता के जरिये सुलझा सकती थी, जिसके लिए अधिकांशत: छात्र आंदोलित थे। समय रहते बातचीत करके समाधान खोजा जा सकता था सरकार द्वारा। क्योंकि बीच-बीच में बातचीत करने के लिए काकरोच जनता पार्टी के नेता भी कह रहे थे कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।

– विजय तंवर, गुरुग्राम

## ट्रेंड

### खेल प्रतिभा का प्रदर्शन



कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आपका कौशल, समर्पण और अथक प्रयास निश्चित रूप से गेम्स में विश्व मंच पर भारत की शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सरकार का स्पष्ट विज़न



केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की और छात्रों से जुड़े मुद्दों के समाधान के प्रति सरकार का स्पष्ट विज़न और प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके बाद, वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### पेपर लीक माफिया



पेपर लीक एक देशव्यापी समस्या है और राजस्थान भी इससे अछूता नहीं रहा है। सूबे में 2013 से 2018 के बीच बीजेपी सरकार के कार्यकाल में 12 पेपर लीक हुए, लेकिन कभी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। पेपर लीक माफिया और बेख़ौफ़ हो गया।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### देशव्यापी विरोध प्रदर्शन



मैं सोनम वांगचुक के अनशन खत्म करने के फैसले का स्वागत करता हूं। देश के लिए उनकी ज़िंदगी और सेहत बहुत ज़रूरी है। चूंकि सीजेपी ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है, इसलिए मैं सभी से इसमें शामिल होने की अपील करता हूं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# वेस्ट बैंक की जगह व लेबनान के किले विश्व धरोहर सूची में


संयुक्त राष्ट्र की एक समिति ने इजराइल की आपत्तियों के बावजूद शुक्रवार को वेस्ट बैंक के एक प्रमुख पुरातात्विक स्थल और दक्षिणी लेबनान के कई किलों को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कुछ दिन पहले एक अपील में समिति से वेस्ट बैंक के छोटे शहर सेबास्तिया और लेबनान के किलों को सूची में शामिल करने के प्रयासों को खारिज करने को कहा था। इजराइल ने इन नामांकनों को 'सांस्कृतिक विरासत के हथियार के रूप में इस्तेमाल' बताया था। बुसान में हुई बैठक में यूनेस्को समिति के सदस्यों ने आपात आधार पर नामांकनों की समीक्षा करने के बाद सेबास्तिया और लेबनान के माउंट अमेल क्षेत्र के पांच किलों को विश्व धरोहर सूची तथा संकटग्रस्त विश्व धरोहर स्थलों की सूची, दोनों में शामिल करने का फैसला किया। सेबास्तिया, इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में नेबलस से करीब 10 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में एक पहाड़ी शहर है। इस शहर को विद्वान प्राचीन समरिया के रूप में पहचानते हैं। समरिया, बाइबिल में वर्णित इजराइल साम्राज्य की राजधानी थी।



## ऑफ बीट

# मसूड़ों का नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक

मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# राष्ट्रमंडल खेल : 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीहरि नटराज

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो



भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकंड का समय निकाला।

उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया। नटराज अपनी आठ खिलाड़ियों वाली हीट में पांचवें स्थान पर रहे। पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

हीट में हिस्सा लेने वाले सभी आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। बुडिगिना ने 57.10 सेकंड के समय के साथ हीट में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि इमाम अली 1:05.32 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहे। एस13 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए निर्धारित पैरा तैराकी श्रेणी है।

# जूडो टीम में उथल-पुथल, अरुण के बाद तूलिका मान बाहर

## ठिकाने की जानकारी देने में नाकाम रहने के बाद तूलिका निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, जिससे उन्हें ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से हटा दिया गया है। तूलिका (27 वर्ष) ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 78 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता था और इस बार भी वह पदक की प्रबल दावेदार थीं। अब उन पर दो साल के प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है।



### देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक है तूलिका

तूलिका देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उनका अभियान राउंड ऑफ 32 में समाप्त हो गया था। उन्होंने 2022 और 2024 विश्व जूडो चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था। भारतीय जूडो टीम अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना नहीं हुई है क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी। टीम के जूडो खिलाड़ियों को 27 जुलाई को रवाना होना है।

### राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडो खिलाड़ी

एक जूडो कोच ने कहा, 'वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा।' इस तरह दिल्ली की यह खिलाड़ी ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हटाई जाने वाली दूसरी जूडोका बन गईं। गुरुवार को एक अन्य भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी हटा दिया गया क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर की गई डोप जांच में विफल पाए गए। नाडा ने उनके शरीर में एनाबॉलिक स्टेरॉयड पाए जाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### फिडे के अंतरिम अध्यक्ष बने आनंद

**नई दिल्ली।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है, क्योंकि इसके प्रमुख अर्काडी ड्वोरकोविच को यूरोपीय संघ ने प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक अपना पद छोड़ दिया है। यूरोपीय संघ ने यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में लगाया है। आनंद 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं। फिडे ने कहा, 'अर्काडी ड्वोरकोविच के फिडे अध्यक्ष के रूप में अपने अधिकारों, कर्तव्यों और विशेषाधिकारों से हटने के फैसले को फिडे परिषद स्वीकार करती है।' बयान में कहा गया है, 'फिडे चार्टर के अनुच्छेद 19.2 के अनुसार जब तक ड्वोरकोविच पर प्रतिबंध लगा रहता है तब तक फिडे के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।' इस बीच ड्वोरकोविच ने कहा कि यूरोपीय संघ का फैसला अनुचित है।

### टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने बटलर



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर टी20 क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बटलर ने इस मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है। बटलर ने यह मुकाम द हंड्रेड टूर्नामेंट में हासिल किया। उन्होंने मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की तरफ से खेलते हुए लंदन स्पिरिट के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 11 गेंदों में 16 रनों की पारी खेलने के साथ ही यह मुकाम हासिल किया। बटलर के नाम अब टी20 क्रिकेट में 14,572 रन दर्ज हो गए हैं। बटलर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 9 शतक और 102 अर्धशतक लगा चुके हैं। गेल ने टी20 क्रिकेट में खेली 455 पारियों में 14,562 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 22 शतक और 88 अर्धशतक निकले हैं।

### ओटामेंडी ने किया इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गर्व के साथ फुटबॉल से विदा ले रहे हैं। 38 वर्षीय डिफेंडर के अनुसार, उन्होंने नेशनल टीम की जर्सी पहनते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इस अनुभवी सेंटर-बैक खिलाड़ी ने 17 साल से ज्यादा समय तक अर्जेंटीना की ओर से खेलने के बाद रिटायरमेंट की घोषणा की है। ओटामेंडी ने अर्जेंटीना के लिए 139 मैच खेले और फीफा वर्ल्ड कप तथा दो कोपा अमेरिका खिताब जीते।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ आज शाम 4.30 बजे से मुकाबला

# दूसरे टी20 में अजेय बढ़त पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶| हरारे

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी20 विश्व कप विजेता भारत ने गुरुवार को 3 मैच की श्रृंखला के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था। भारत ने सूर्यवंशी के अर्धशतक, इशान किशन के 35 रन और कप्तान अय्यर की 28 रन की नाबाद पारी की बदौलत 6 ओवर और 7 विकेट शेष रहते हुए 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर दिया।



### सीरीज के कोच लक्ष्मण ने बिठाया तालमेल

वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 29 रन देकर 2 विकेट लिए। अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से प्रभावित किया लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक की शीर्ष स्तरीय क्रिकेट में सफल वापसी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद चोटिल के कारण लगभग दो साल मैदान से बाहर रहे। पहले मैच में मयंक की गति और नियंत्रण दोनों ही बेहतरीन थे, जिसमें जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को बाहर की तरफ स्विंग लेने वाली गेंद पर आउट करना महत्वपूर्ण था।

### पहले मैच में नहीं चल पाए अभिषेक

दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सूर्यवंशी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा।

### जिम्बाब्वे के बल्लेबाज रहे नाकाम

जिम्बाब्वे को पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा विकेट गंवाने का अफसोस रहेगा। उसके बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख पाए। इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। मैच का समयः शाम 4:30 बजे

## विश्व जूनियर स्क्वाश

# अनाहत की लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| ओंटारियो

उभरती खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए 4 गेम तक चले मैच में जीत दर्ज करके विश्व जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला रैंकिंग में विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की हबीबा रिज्क को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराया।

इस प्रतियोगिता में पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत इस तरह से विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लगातार दो बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। दिल्ली की रहने वाली यह खिलाड़ी खिताब जीतने की प्रबल दावेदार बनी हुई है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की बार्ब समेह से होगा।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोसेफ ने किया खेलने से मना



तारोबा (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने बताया है कि तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में खेलने से इनकार कर दिया। सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते हुए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा था कि जोसेफ निजी कारणों से उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सैमी ने इस बारे में और जानकारी दी। सैमी ने कहा, 'हमारे लिए यह एक बड़ा नुकसान है। जोसेफ ने टीम में चुने जाने से इनकार कर दिया है। यही सच है।' कोच ने कहा, 'उन्हें चुना गया था। मेरा मतलब है, वह चोट से वापसी कर रहे हैं। और उसके बाद कुछ कारणों से उन्होंने चयन से इनकार कर दिया। यह फैसला मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# लॉन बॉल्स महिला पेयर्स में भारत की लगातार दूसरी जीत

**ग्लास्गो (भाषा)।** भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स की महिला पेयर्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की तो वहीं पुरुष एकल के दूसरे दौर में पुतुल सोनोवाल ने कड़े मुकाबले में फॉकलैंड द्वीपसमूह के सेसिल अलेक्जेंडर को टाई-ब्रेक में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी सिंह (स्किप) ने स्कॉटिश इवेंट कैंपस (एसईसी) हॉल-3 में खेले गए सेक्शन बी के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जोड़ी थाबेलो मुव्हांगो (लीड) और जैकी जैनसे वैन रेंसबर्ग (स्किप) को 2-0 से हराया। भारत ने दोनों सेट 6-4 और 7-5 से अपने नाम किए। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन भारतीय जोड़ी ने पूरे मुकाबले में बेहतर नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत के साथ भारत सेक्शन बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इससे पहले बृहस्पतिवार को भारत ने अपने शुरुआती मुकाबले में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेकर में मात दी थी। रूपा रानी और पिंकी दोनों 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला फोर टीम का हिस्सा थीं। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स कार्यक्रम से पुरुष और महिला फोर स्पर्धाओं को हटा दिया गया है। इस बार ग्लास्गो खेलों में पुरुष और महिला एकल तथा पेयर्स स्पर्धाओं को शामिल किया गया है। भारत ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष फोर स्पर्धा में रजत पदक भी जीता था। पुरुष एकल वर्ग के सेक्शन-डी के दूसरे दौर में असम पुलिस के अधिकारी सोनोवाल को फॉकलैंड द्वीपसमूह के सेसिल अलेक्जेंडर के खिलाफ जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

# अंडर-20 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे सविता व प्रिंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंडर-20 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। शुक्रवार को साई केंद्र लखनऊ में ट्रायल आयोजित किए गए। 82 किलो ग्रीको रोमन में प्रिंस का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी 16 से 23 अगस्त तक स्लोवाकिया में आयोजित विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रिंस जिले के गांव समर गोपाल पुर का निवासी है। सविता जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। इससे पहले सविता ने अभी कुछ दिन पहले



सविता



प्रिंस

अंडर-20 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। फाइनल सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता में प्रिंस ने आशु दलाल को हराकर भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया। प्रिंस 12वीं बार अंतरराष्ट्रीय स्तर अपने देश का प्रतिनिधित्व करेगा, जिसमें से प्रिंस 2 सीनियर लेवल पर और 1 जूनियर लेवल पर अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुका है। प्रिंस लगभग पिछले 10 साल से सोनीपत जिले के सफियाबाद गांव स्थित स्वामी भूमानंद कुश्ती अकादमी में रहकर अभ्यास कर रहा है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर महाराज अच्युतानंद ने उन्हें आशीर्वाद दिया। साथ ही स्वामी भूमानंद कुश्ती अकादमी, सफियाबाद (सोनीपत) में रेलवे के कोच सुरेन्द्र कादयान, कोच नितिन शर्मा, कोच सचिन शर्मा, अमित, अंकुश शर्मा, सुमित गूंगा और अंतर्राष्ट्रीय पहलवान रवि शर्मा ने प्रिंस पहलवान को बधाई दी।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Prkg-21-26 | धूलकोट रेलवे स्टेशन पर कुल 317.0625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला दो–पहिया वाहन पार्किंग स्थल। | 05.08.26 12:00:00 |
| | गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | बरारा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 501.61 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | अंबाला डिवीजन के तहत घग्घर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 410 वर्ग मीटर का पार्किंग लॉट, जो दो–पहिया, तीन–पहिया और चार–पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए तय किया गया है। | |
| | टापा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | शिमला रेलवे स्टेशन पर बाबा भालकू रेल म्यूजियम के अंदर 2071.57 वर्ग मीटर क्षेत्र का व्यापक पार्किंग लॉट (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | बरवाला रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 300.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। | |
| | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के दूसरे एंट्री पॉइंट पर ड्राइवर/गार्ड रनिंग रूम (लकड़ी का पुल के पास) के सामने, कुल 1277 वर्ग मीटर एरिया वाला एक बड़ा पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 1507.42 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग एरिया में सभी तरह की गाड़ियों (कमर्शियल और नॉन–कमर्शियल) के लिए 'पिकअप/ड्रॉप' लेन (एंट्री से एग्जिट तक) के साथ कॉम्प्रिहेन्सिव पार्किंग और एक्सेस कंट्रोल अधिकार आवंटित करना। | |
| UMB-Mix-29-2026 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (दूसरी एंट्री) में कुल 2622.25 वर्ग मीटर एरिया वाले कॉम्प्रिहेन्सिव पार्किंग लॉट का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | 07.08.26 12:00:00 |
| | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर सैलून साइडिंग के साथ मालगोदाम रोड पर कुल 949 वर्ग मीटर क्षेत्र वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2561/26

## एशियन गेम्स के लिए क्रिकेट का शेड्यूल जारी

# सीधे नॉकआउट खेलेंगे भारत और पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष और महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है।

भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा। भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है।



### टी20 प्रारूप में होंगे मैच

एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर को शुरू होगी और उसका फाइनल मैच 1 अक्टूबर को खेला जाएगा। महिलाओं की प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी। भारतीय महिला टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ सकती है। पुरुषों की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में ग्रुप ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल तथा ग्रुप बी में हांगकांग, चीन, मलेशिया और ओमान शामिल होंगे। दोनों प्रतियोगिताएं आइची प्रांत के कोरोजी एथलेटिक पार्क में टी20 प्रारुप में खेली जाएंगी।

### अय्यर और हरमनप्रीत करेंगे कप्तानी

*श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले यह 2010 में ग्वांगझू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोऊ खेलों का हिस्सा था।*


### भारत ने 2023 में जीता था गोल्ड

*भारत ने 2023 के एशियाड में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए गोल्ड मेडल जीता था। पुरुषों का फाइनल बारिश की वजह से रद्द हो गया था। अफगानिस्तान के मुकाबले भारत की बेहतर रैंकिंग के कारण गोल्ड मेडल मिला। महिलाओं के इवेंट में भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया था।*

# दुनिया का सबसे एडवांस सुपरसोनिक मिसाइल इंजन बुनियादी परीक्षण में पूरी तरह रहा सफल

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय एयरोस्पेस स्टार्टअप डी-प्रोपल्स ने इतिहास रचते हुए दुनिया के सबसे एडवांस मिसाइल इंजन का टेस्ट किया है। यह इंजन भारत के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह आईआईटी मद्रास (आईआईटी-मद्रास) की तरफ से इनक्यूबेटेड एक स्टार्टअप है जिसने अपने 5 किलोन्यूटन एयर-ब्रीदिंग रोटेटिंग डेटोनेशन इंजन (आरडीई) का एक सरकारी परीक्षण रिग डीआरडीओ फैसिलिटी में सफल परीक्षण पूरा किया है। एयरोस्पेस कंपनी के फाउंडर और सीईओ सौरव झा ने कहा कि इंजन ने अब टीआरएल-5 स्तर को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।



### भविष्य में यहां होगा उपयोगी

*हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलें: यह इंजन क्रूज मिसाइलों की स्पीड, रेंज और मारक क्षमता को काफी बढ़ा सकता है। हाई-स्पीड लड़ाकू ड्रोन: भविष्य के तेज गति से उड़ने वाले ऑटोनॉमस मिलिट्री ड्रोन्स को यह आसानी से पावर दे सकता है।*

### इसका थ्रस्ट क्रूज मिसाइल के बराबर

यह इंजन भविष्य का इंजन है। इसे सुपरसोनिक मिसाइलों से ज्यादा स्पीड वाली मिसाइलों में इस्तेमाल किया जाएगा। यानि ब्रह्मोस से ज्यादा रफ्तार वाली मिसाइलों में इसका इस्तेमाल हो सकता है। कम हवा के प्रवाह में भी इस इंजन ने स्थिरता के साथ 5 किलोन्यूटन दमदार थ्रस्ट पैदा किया है। यह थ्रस्ट एक छोटी क्रूज मिसाइल के इंजन के बराबर माना जाता है।

### आरडीई तकनीक पर आधारित है यह इंजन

सौरव झा ने बताया कि पारंपरिक जेट इंजन ईंधन को धीरे-धीरे जलाते हैं लेकिन आरडीई तकनीक में ईंधन को लगातार होने वाले सुपरसोनिक धमाकों के जरिए जलाया जाता है। इससे इंजन की ऊर्जा क्षमता 25% या उससे ज्यादा बढ़ जाती है और इंजन में चलने वाले पुर्जे बहुत कम हो जाते हैं जिससे मैकेनिकल जटिलता खत्म होती है। आम रॉकेट या मिसाइल इंजन के नोजल घंटी के आकार के होते हैं जो सिर्फ एक निश्चित ऊंचाई पर ही बेस्ट परफॉर्मेंस देते हैं।

### सैन्य पत्रकार रह चुके हैं सीईओ

इस एयरोस्पेस स्टार्टअप की स्थापना जुलाई 2025 में हुई थी और इसके पीछे भारत के दिग्गज रक्षा विशेषज्ञ और वैज्ञानिक शामिल हैं। सौरभ झा इसके को-फाउंडर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं जो पहले एक जाने-माने सैन्य पत्रकार और थिंक-टैंक 'दिल्ली डिफेंस रिव्यू' के संस्थापक रह चुके हैं। डॉ. वी. रामानुजाचारी कंपनी के मुख्य टेक्नॉलाजी ऑफिसर हैं जो डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक रह चुके हैं और उन्होंने भारत के स्क्रैमजेट इंजन प्रोग्राम और आकाश मिसाइल के प्रणोदन सिस्टम पर काम किया है। डॉ. वी.के. सारस्वत भी इस कंपनी के साथ हैं जो पूर्व डीआरडीओ प्रमुख और नीति आयोग के सदस्य रह चुके हैं और इस कंपनी के मुख्य मेंटर हैं।




## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति शहाबुद्दीन का इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इस्तीफा दे दिया है। उनका कार्यकाल अभी



लगभग दो साल बाकी था। 76 वर्षीय नेता ने बताया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। शहाबुद्दीन के प्रतिनिधि ने संसदीय अध्यक्ष हाफिजुद्दीन अहमद को सौंपा है, जो बांग्लादेश के संविधान के अनुसार नए राष्ट्रपति के चुने जाने तक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट सचिव नसीमुल गनी का नाम शीर्ष पद के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में सामने आ रहा है।

### दिल्ली विस, सचिवालय को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों को दिल्ली विधानसभा,



सचिवालय और पुलिस मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां जांच कर रही हैं। शहर में हाई अलर्ट जारी किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### न्यूयॉर्क: 'अल्लाह हू अकबर' चिल्लाते 2 को चाकू से गोदा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका से इस्लामिक कट्टरता का मामला प्रकाश में आया है, जहां न्यूयॉर्क में एक कट्टरपंथी ने 'अल्लाह हू अकबर' के मजहबी नारे लगाते हुए दो व्यक्तियों पर चाकू से हमला कर दिया। न्यूयॉर्क पुलिस ने हमलावर राउल मोरालेस (51 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस हमले को घृणा अपराध मानकर जांच कर रही है। ये वारदात न्यूयॉर्क के अपर वेस्ट साइड इलाके में गुरुवार को हुई। राउल मोरालेस ने चाकू और स्क्रूड्राइवर से दो अलग-अलग जगहों पर लोगों पर हमले किए।

## भारत-रोमानिया प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर हुए सहमत

# शिक्षा, संस्कृति और आपसी संपर्क से जुड़े क्षेत्रों में तीन समझौतों पर किए हस्ताक्षर

*तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### आर्थिक, व्यापार, निवेश प्राथमिकता वाले क्षेत्र चिह्नित

### 2028 में दोनों देशों के बीच संबंधों के 80 वर्ष पूरे होंगे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रोमानिया के दौरे पर हैं। यह लगभग तीन दशकों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की रोमानिया की पहली राजकीय यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने रोमानिया के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास और कार्यालय, कोटरोसेनी पैलेस का दौरा किया।

रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनका औपचारिक स्वागत किया गया एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-रोमानिया द्विपक्षीय साझेदारी के सभी प्रमुख आयामों पर चर्चा की।



रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन के साथ द्विपक्षीय बैठक करती राष्ट्रपति मुर्मू

### भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है रोमानिया

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-रोमानिया साझेदारी का एक महत्वपूर्ण आधार आर्थिक सहयोग है। दोनों नेता व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, सशक्त एवं विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने, और दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों के बीच निकट सहयोग को प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए। वे अगले तीन वर्षों में हमारे द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए। उन्होंने कहा कि रोमानिया, यूरोपीय संघ में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हमारे उद्योगों और कौशल-प्राप्त पेशेवरों के लिए अभूतपूर्व अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संपर्क भारत-रोमानिया संबंधों की मजबूत नींव हैं। आज इन क्षेत्रों से जुड़े तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## कांगो में भारत का शांति मिशन

# 651 भारतीय सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र पदक

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में भारत की शांति स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता और भारतीय सेना के अदम्य साहस को वैश्विक सम्मान मिला है।



कांगो में मौजूद भारतीय सेना

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत तैनात भारतीय सेना के 651 शांति सैनिकों को उनकी उत्कृष्ट सेवा, पेशेवर क्षमता और समर्पण के लिए संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया है। डीआरसी के साके स्थित परमानेंट ऑपरेटिंग बेस में आयोजित एक विशेष समारोह में भारतीय शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र पदक प्रदान किए गए। समारोह में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन (मोनुस्को) के वरिष्ठ अधिकारी, फोर्स मुख्यालय के प्रतिनिधि, सैन्य नेतृत्व और अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

## भारत ने ओआईसी संगठन को लगाई फटकार

# कश्मीर मुद्दा उठाने पर की आलोचना कहा- हस्तक्षेप बिलकुल बर्दाश्त नहीं

**न्यूयॉर्क।** भारत ने कश्मीर मुद्दा उठाने के लिए ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) की आलोचना की है और इस मामले में उसके अधिकार पर सवाल उठाया है। संयुक्त राष्ट्र



पी. हरीश फाइल फोटो

में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि ऐसे अंतर-क्षेत्रीय (क्रॉस-रीजनल) समूह, जो न तो भौगोलिक आधार पर जुड़े हैं और न ही साझा मुद्दों पर आधारित हैं तथा जिनका अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा से कोई सीधा संबंध नहीं है, उन्हें विवादों और संघर्षों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हालांकि हरीश ने इस्लामिक सहयोग संगठन का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा स्पष्ट रूप से उसी संगठन की ओर था।

### अंतर क्षेत्रीय समूह के पास जानकारी का अभाव

पी. हरीश ने कहा कि स्थापित क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय संगठन विवादों और संघर्षों के समाधान में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं और संयुक्त राष्ट्र के कार्यों के पूरक बन सकते हैं, लेकिन अंतर-क्षेत्रीय समूह इस भूमिका के लिए उपयुक्त नहीं हैं। ऐसे समूहों के पास विवादों के समाधान के लिए जरूरी क्षेत्रीय जानकारी और विषयगत विशेषज्ञता का अभाव होता है। हरीश ने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 'विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के तंत्र को मजबूत करने' विषय पर आयोजित खुली बहस के दौरान की, जहां पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाया था।

### पाक ने ओआईसी की मांग खारिज की

अक्टूबर में जारी अपने बयान में ओआईसी महासचिवालय ने इस्लामिक शिखर सम्मेलन और विदेश मंत्रियों की बैठक में कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की मांग की थी, लेकिन 1948 में कश्मीर पर अपनाए गए मुख्य प्रस्ताव में मांग की गई थी कि पाकिस्तान कश्मीर के उन इलाकों से अपने सैनिकों और नागरिकों को हटा ले जिन पर उसका कब्जा है और वहां लड़ने वालों का समर्थन करना बंद कर दे।

## किर्गिस्तान के विदेश मंत्री से मुलाकात

# द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा, बढ़ाएंगे आपसी सहयोग



कीर्ति वर्धन सिंह और जीनबेक कुलुबायेव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किर्गिस्तान के चोलपोन अता में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के दौरान किर्गिस्तान के विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबायेव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-किर्गिस्तान संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। मुलाकात के बाद कीर्ति वर्धन सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की और प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-किर्गिस्तान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर फोकस

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 31 अगस्त से 1 सितंबर, 2026 तक बिश्केक में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत आयोजित की जा रही है। बैठक में सदस्य देशों के विदेश मंत्री एससीओ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे तथा उन दस्तावेजों और निर्णयों को अंतिम रूप देंगे, जिन्हें शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्षों की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक के दौरान कीर्ति वर्धन सिंह एससीओ सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। वर्तमान में किर्गिस्तान वर्ष 2025-26 के लिए एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है। राष्ट्रपति सदर जापारोव ने किर्गिस्तान की अध्यक्षता का विषय 'एससीओ के 25 वर्ष: स्थायी शांति, विकास और समृद्धि की ओर साथ मिलकर' रखा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28